कोटद्वार, शुक्रवार
15 अगस्त 2025
वर्ष: 47
अंक: 104 पृष्ठ: 8
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक: स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## सूचना



सभी सुधि पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं एवं हॉकरों को दैनिक जयन्त की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकमानायें इस अवसर पर 15 अगस्त 2025 को प्रेस एवं कार्यालय में अवकाश रहेगा।
दैनिक जयन्त का अगला अंक 17 अगस्त 2025 को प्रकाशित होगा।
-सम्पादक

## वीर चक्रसे नवाजे जाएंगे 'ऑपरेशन सिंदूर के 9 महानायक

नई दिल्ली , भारत सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूरइ के दौरान पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को तबाह करने वाले जांबाजों को बड़ा सम्मान देने का ऐलान किया है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सरकार ने भारतीय वायु सेना (द्धस्न) के 9 अधिकारियों को देश के तीसरे सबसे बड़े सैन्य सम्मान 'वीर चक्रइ से नवाजने की घोषणा की है।

यह सम्मान युद्धकाल में जल, थल या आकाश में दुश्मन के खिलाफ असाधारण शौर्य और पराक्रम दिखाने के लिए दिया जाता है। गौरतलब है कि इसी साल मई के महीने में भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूरइ को अंजाम दिया था। इस दौरान वायु सेना के इन्हीं वीर अधिकारियों ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (क्रश्य) में सक्रिय दर्जनों आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया था। वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने आतंकियों के गढ़ माने जाने वाले मुरीदके और बहावलपुर स्थित आतंकी हेडक्वार्टर को भी धूल में मिला दिया था।

वायु सेना द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस साहसिक कार्रवाई में भारतीय पायलटों ने न सिर्फ आतंकी कैंपों को तबाह किया, बल्कि पाकिस्तान के कम से–कम छह लड़ाकू विमानों को भी मार गिराया था। भारत ने इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को भी ध्वस्त कर दिया था, जिसके बाद पाकिस्तानी सेना को घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा था। अब सरकार इस ऐतिहासिक ऑपरेशन का हिस्सा रहे नौ लड़ाकू पायलटों को उनके अदम्य साहस के लिए वीर चक्रसे सम्मानित कर रही है।

## उत्तराखंड के प्रभारी प्रधानाचार्य भी यूपी की तरह जाएंगे कोर्ट

देहरादून। यूपी के प्रभारी प्रधानाचार्यों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उत्तराखंड के प्रभारी प्रधानाचार्य परिषद ने स्वागत किया है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले में दखल देने से इंकार कर दिया था। हाईकोर्ट प्रभारी प्रधानाचार्यों को भी प्रधानाध्यापकों को मिलने वाला वेतन और भत्ता देने के आदेश दिए थे। प्रधानाचार्य परिषद के संयोजक रमेश देवराड़ी ने कहा कि उत्तराखंड में प्रधानाध्यापक और प्रधानाचार्य के 1700 से अधिक पद रिक्त हैं। इन पदों पर वरिष्ठ शिक्षक प्रभारी के तौर पर जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। उन्हें इसे एवज में किसी तरह का कोई वित्तीय लाभ नहीं दिया जा रहा है। इससे सरकार को करोड़ों रुपये की बचत हो रही है। लेकिन प्रभारी प्रधानाचार्यों को उनके इस कार्य के लिए अन्य किसी तरह का लाभ भी नहीं दिया जा रहा है।

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का संबोधन: कहा–भारत लोकतंत्र की जननी, संविधान सर्वोपरि

नईदिल्ली,स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी और हमारे लिए संविधान ही सवोपरि है। उन्होंने कहा, 15 अगस्त की तारीख हमारी सामूहिक स्मृति में गहराई से अंकित है। औपनिवेशिक शासन की लंबी अवधि के दौरान देशवासियों की अनेक पीढ़ियों ने यह सपना देखा कि एक दिन देश स्वाधीन होगा। देश के हर हिस्से के लोग विदेशी शासन की बेड़ियों को तोड़ने के लिए व्याकुल थे। राष्ट्रपति ने कहा, हमारे द्वारा अपनाए गए संविधान की आधारशिला पर हमारे लोकतंत्र का भवन निर्मित हुआ है।

# जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटा

## 38 शव बरामद, 200 से ज्यादा लापता, 120 घायल

## • राहत बचाव जारी • पीएम मोदी ने जताई संवेदना

श्रीनगर,जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में दोपहर बादल फटने से कम से कम 38 लोगों की मौत हो गई है। कई लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश जारी है। घटना पर जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई लोगों ने शोक जताया है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल समेत कई एजेंसियां बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। आइए घटना से जुड़ी हर बात जानते हैं।

राहतकर्मियों ने कम से कम 65 लोगों को बाहर निकाला है। इसके अलावा अभी भी कई लोग फंसे हुए हैं, जिन्हें निकालने का काम जारी है। बादल फटने के बाद मचैल यात्रा रोक दी गई है। प्रशासन ने जम्मू से रवाना हो चुके लोगों से लौटने की अपील की। वहीं, करीब 120 लोग घायल हैं, जिनमें से 37 की हालत गंभीर है। घायलों को अठोली





अस्पताल लाया गया है। 200 से ज्यादा लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं।


गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, हम स्थिति पर कड़ी निगरानी रखे हुए हैं और हर परिस्थिति में जम्मू–कश्मीर के लोगों के साथ मजबूती से खड़े हैं। जरूरतमंदों को हर संभव मदद दी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मेरी संवेदनाएं किश्तवाड़ में प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा, किश्तवाड़ में त्रासदी को देखते हुए मैंने चाय पार्टी रद्द कर दी है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी घटना पर दुख जताया है।

हादसे के वक्त हजारों श्रद्धालु मचैल माता यात्रा के लिए चशोटी गांव में थे। यह यात्रा का पहला पड़ाव है। इसी के ठीक ऊपर बादल फट गया। इस वजह से श्रद्धालुओं की बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें बह गईं। बता दें कि जम्मू और कश्मीर में जम्मू क्षेत्र के मचैल गांव में स्थित दुर्गा माता का एक मंदिर है। इस मंदिर को मचैल माता मंदिर के नाम से जाना जाता है। जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने ट्वीट किया, मैंने अभी–अभी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की और उन्हें जम्मू के किश्तवाड़ क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराया. खबर गंभीर और सटीक है, बादल फटने से प्रभावित क्षेत्र से वेरिफाइड जानकारी आने में देरी हो रही है. बचाव कार्यों के प्रबंधन के लिए जम्मू–कश्मीर के भीतर और बाहर से सभी संभव संसाधन जुटाए जा रहे हैं... किश्तवाड़ में अभी भी मौसम खराब है। बादल फटने और बाढ़ के चलते प्रशासन ने सभी एजेंसियों को सक्रिय कर दिया है। आपात स्थिति से निपटने के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। वहीं, राहत और बचाव कार्य में भारतीय सेना भी जुटी है। सेना के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि चिसोटी गांव में बादल फटने से प्रभावित क्षेत्र में सेना राहत और बचाव में जुटी है। प्रभावित लोगों को राहत सामग्री और बचाव उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। इससे पहले 5 अगस्त को उत्तराखंड के धराली गांव में बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई थी। इसमें लगभग पूरा गांव ही मलबे की चपेट में आ गया था। आधिकारिक तौर पर 4 लोगों की मौत की पुष्टि हुई थी, लेकिन अभी भी 60 से ज्यादा लोग लापता हैं। आशंका है कि ये मलबे में दबकर मारे गए हैं। सरकार ने प्रभावितों को 5 लाख रुपये मुआवजा देने का ऐलान किया है।

## शिमला के कोटखाई में फटा बादल, लोगों ने भागकर जान बचाई; 300 सड़कें बंद

### 30 वाहन मलबे के नीचे दबे

शिमला,। हिमाचल प्रदेश में लगातार भारी बारिश जारी है। गुरुवार को राजधानी शिमला के कोटखाई इलाके में बादल फटने की सूचना मिली है। हालांकि, इसमें किसी की जान नहीं गई। बादल तड़के 3 बजे कोटखाई के खलटूनाला की पीछे की पहाड़ियों पर फटा था, जिससे मलबा बहकर नाले में आ गया। इस दौरान कम से कम 6 वाहन और पेट्रोल पंप का कुछ हिस्सा मलबे में दब गया। पंप कर्मचारियों ने भागकर अपनी जान बचाई। राज्य में आवागमन प्रभावित है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शिमला और कुल्लू में बुधवार शाम को करीब 4 जगह बादल फटने की सूचना मिली है, जिससे तीर्थन और श्रीखंड घाटी, फांचा के नाटी गांव और काशापाठ में बाढ़ आ गई। बुधवार रात को तेज बारिश ने तांडव मचा दिया। शिमला और कुल्लू में करीब 30 वाहन मलबे के नीचे दबे हैं। जिला प्रशासन ने ऐहतियात के तौर पर ऊना के स्कूलों में छुट्टी दे दी है और रामपुर बाजार को खाली करवाया है।
मौसम विभाग ने कांगड़ा, चंबा और मंडी में गुरुवार को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां 15 से 19 अगस्त तक अलग–अलग इलाकों में भारी बारिश की संभावना है। हिमाचल आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया



कि पिछले 24 घंटों में राज्य में 323 सड़कें बंद हो गई हैं। भारत–तिब्बत सीमा पुलिस ने 900 किन्नर कैलाश यात्रा तीर्थयात्रियों और किन्नौर में सतलुज नदी पर बने पुल पर बाढ़ आने पर 4 लोगों को बचाया है।

## मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। इस पुनीत अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों अमर शहीदों, वीर–वीरांगनाओं और राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए, देश और राज्य की प्रगति में अपना योगदान दे रही उत्तराखण्ड की देवतुल्य जनता का भी अभिनंदन किया है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि उत्तराखंड राज्य आपदा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील है, इस वर्ष उत्तरकाशी के धराली सहित राज्य के अन्य क्षेत्रों में आई प्राकृतिक आपदाओं ने जनजीवन को प्रभावित किया है। उन्होंने सभी आपदा प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है, आपदा की इस कठिन परिस्थिति में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सेना, आई०टी०बी०पी०, एन०डी०आर०एफ०, एस0डी0आर0एफ0 सहित राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा जिस तत्परता, समर्पण और साहस के साथ



राहत एवं बचाव कार्यों में सहयोग दिया है, उसके लिए भी मुख्यमंत्री ने सभी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सैन्य परम्परा और देशभक्ति की विरासत पर गर्व है। राज्य सरकार द्वारा शहीद सैनिकों के परिजनों को मिलने वाली अनुग्रह अनुदान राशि को बढ़ाकर 50 लाख रुपये, एवं परमवीर चक्र विजेताओं को दी जाने वाली राशि को 50 लाख से बढ़ाकर डेढ़ करोड़ किया गया है। अग्निवीरों को भी 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिए जाने के लिए नीति तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के प्रति हमारे विजन का ही परिणाम है कि उत्तराखण्ड देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान बनाने में सफल रहा है। प्रधानमंत्री जी की अपेक्षाओं के अनुरूप हमारा राज्य, तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है।

आज उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला स्वतंत्र भारत का पहला राज्य बन गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड में लगभग दो लाख करोड़ की योजनाओं पर कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। हरिपुर कालसी में यमुना तीर्थ स्थल, हरिद्वार–ऋषिकेश कॉरिडोर परियोजना, शारदा कॉरिडोर परियोजना के साथ मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के तहत प्रथम चरण में 16 पौराणिक मंदिरों को विकसित किया जा रहा है।

## भारी बारिश से गंगा समेत सभी नदियां रही उफान पर

ऋषिकेश। पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बारिश से गंगा समेत सभी नदियां फिर उफान पर हैं। गुरुवार को फिर गंगा चेतावनी निशान 339.50 मीटर को पार कर गईं। बारिश से ऋषिनगरी के नदी–नाले भी उफान पर रहे। बीते कुछ दिनों से लगातार गंगा का जलस्तर घट–बढ़ रहा है। उधर, बारिश से शहर में जलजमाव होने से लोग परेशान रहे। गुरुवार सुबह करीब 9 बजे से ही गंगा का जलस्तर चेतावनी निशान 339.50 को पारकर 339.53 मीटर तक पहुंच गया। इसके बाद दिनभर गंगा चेतावनी निशान को पार कर बहती रहीं। जलस्तर बढ़ने से ऋषिनगरी के तमाम घाट जलमग्न हो गये। ऋषिकेश में खतरे का निशान 340.50 मीटर पर है। उधर, बारिश के चलते सौंग, सुसवा के साथ बरसाती नदियां खारास्त्रोत, चंद्रभागा भी उफान पर रहीं। पुलिस ने गंगा समेत बरसाती नदी–नालों में लोगों को जाने से रोका। एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि लक्ष्मणझूला पुलिस और जल पुलिस लगातार गंगा घाटों पर गश्त कर रही है।

## यूपी में बर्ल्ड फ्लू की पुष्टि के बाद देहरादून जिला प्रशासन अलर्ट

### अन्य प्रदेशों से आने वाले जिंदा मुर्गे, अंडे और मुर्गा मांस पर अग्रिम आदेशों तक रोक

देहरादून। उत्तर प्रदेश में बर्ल्ड फ्ल्यू की दस्तक के बाद देहरादून जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। बर्ल्ड फ्ल्यू की रोकथाम को लेकर जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार में सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए सतर्क रहने और समन्वित रूप से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एवियन इन्फ्लूएंजा, जिसे आमतौर पर बर्ड फ्लू के रूप में जाना जाता है, एक अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारी है जो पक्षियों को प्रभावित करती है। यह बीमारी मनुष्यों में भी फैल सकती है, हालांकि यह दुर्लभ है।

जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग को निर्देशित किया कि एहतियात के तौर पर जनपद के सभी पोल्ट्री फार्म से 03 दिन के भीतर रैंडम सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जाए। पोल्ट्री फार्म पर नियमित निगरानी रखी जाए। रैपिड रिस्पांस टीम को



एक्टिव करें। वन विभाग को तालाब, झील एवं नदियों के आसपास रहने वाले पक्षियों पर नजर रखने और कोई पक्षी मृत या बीमार मिलने पर तत्काल इसकी जानकारी पशु चिकित्सा विभाग को देने को कहा। हालांकि जिले के पोल्ट्री फार्म में अभी तक वर्ल्ड फ्ल्यू का कोई भी मामला सामने न आने पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के पोल्ट्री पर फिलहाल कोई प्रतिबंध नही है। जिलाधिकारी ने सैनिक कल्याण अधिकारी को जनपद में स्थित आर्मी और पैरामिलिट्री फोर्स हैडक्वाटर को भी इस संबंध सतर्क करने को कहा।

जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि यूपी से सटी जनपद की सभी सीमाओं पर चेक पोस्ट स्थापित करते हुए बाहर से आने वाले जिन्दा मुर्गे, मुर्गे का मांस और अंडे पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगाई जाए।

## हर्षिल घाटी के गांवों से लेकर गंगोत्री तक राशन संकट

देहरादून। हर्षिल घाटी के गांवों में लोगों के पास राशन खत्म होने लगा है। सामान खत्म होने पर 23 में 14 दुकानदार अपनी परचून की दुकानें बंद कर चुके हैं। फिलहाल आपदा प्रभावित धराली और हर्षिल में ही सरकारी राहत सामग्री पहुंचाने पर फोकस है, ऐसे में बाकी गांव खाद्यान्न के गहरे संकट की ओर बढ़ रहे हैं और उन्हें नमक, चीनी, चायपत्ती जैसी जरूरत का सामान भी नहीं मिल पा रहा है। गंगोत्री हाईवे पर जिला मुख्यालय से आगे गंगनानी के पास लिम्चागाड़ में 5 अगस्त को पुल बह गया था। अस्थाई पुल बनने के बाद डबरानी में आधा किमी. घंसे हाईवे से हर्षिल घाटी के गांवों का सड़क संपर्क पिछले 10 दिनों से कटा हुआ है। आपदा राहत कार्यों को लेकर पूरा फोकस धराली और हर्षिल में है। ऐसे में बाकी घाटी के आठ गांवों के सामने खड़ा हुआ संकट चुनौती बन गया है। राशन खत्म होने पर सुक्की से



लेकर गंगोत्री तक 14 परचून वाले अपनी दुकानों पर ताला डाल चुके हैं। स्थानीय निवासी गोपाल राम के मुताबिक नमक, चीनी, मसाले खत्म हो गए हैं। पिछले दो–तीन बार से सरकारी राशन के साथ नमक तक नहीं मिला था, अब गांव की दुकानों में भी नमक खत्म हो गया है। उत्तरकाशी से टमाटर, प्याज भी यहां नहीं आ पा रहा है। गांव में सब्जियां हो जाती हैं, तो इससे काम चला रहे हैं।

## गीदड़ भभकियों पर भारत का करारा जवाब, कहा– हद में रहे पाकिस्तान वरना

नई दिल्ली ,पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तानी नेताओं द्वारा भारत के खिलाफ की जा रही भड़काऊ बयानबाजी पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भारत ने दो टूक शब्दों में कहा है कि अगर पाकिस्तान की ओर से किसी भी तरह का दुस्साहस किया गया, तो उसे इसके 'दर्दनाक परिणामइ भुगतने होंगे। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान की इन हरकतों को उसकी आंतरिक विफलताओं से ध्यान भटकाने की एक पुरानी और जानी–पहचानी रणनीति करार दिया है। गुरुवार को एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने पाकिस्तानी नेतृत्व द्वारा भारत के खिलाफ की जा रही लापरवाह, युद्ध भड़काने वाली और घृणित टिप्पणियों की रिपोर्ट्स देखी हैं। अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने के लिए भारत विरोधी बयानबाजी करना पाकिस्तानी हुक्मरानों की पुरानी आदत रही है।

## 79वां स्वतंत्रता दिवस: पीएम मोदी आज लाल किले से करेंगे राष्ट्र को संबोधित

### ऑपरेशन सिंदूर का रहेगा जलवा

नई दिल्ली, भारत 15 अगस्त 2025 को अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दिन दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले से जश्न–ए–आजादी का नेतृत्व करेंगे. इस साल का आयोजन नया भारत थीम पर आधारित होगा, जो राष्ट्र की प्रगति आत्मनिर्भरता और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को दर्शाएगा. रक्षा मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और प्रतिष्ठित स्मारक की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे. स्वतंत्रता दिवस का यह समारोह एक समृद्ध, सुरक्षित और साहसिक नए भारत के निरंतर उत्थान का



स्मरण करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने के लिए एक नई ऊर्जा का संचार करेगा.


प्रधानमंत्री के लिए सलामी गारद दल में 96 कर्मी (एक अधिकारी और थलसेना, नौसेना, वायुसेना और दिल्ली पुलिस प्रत्येक से 24 कर्मी) शामिल होंगे. इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए भारतीय वायुसेना समन्वय सेवा है. सलामी गारद (गार्ड ऑफ ऑनर) की कमान विंग कमांडर एएस सेखों संभालेंगे. प्रधानमंत्री की सलामी गारद में सेना की टुकड़ी की कमान मेजर अर्जुन सिंह, नौसेना की टुकड़ी की कमान लेफ्टिनेंट कमांडर कोमलदीप सिंह और वायु सेना की टुकड़ी की कमान स्क्वाड्रन लीडर राजन अरोड़ा संभालेंगे. दिल्ली पुलिस की टुकड़ी की कमान एडिशनल डीसीपी रोहित राजबीर सिंह संभालेंगे.

सलामी गारद (गार्ड ऑफ ऑनर) का निरीक्षण करने के बाद, प्रधानमंत्री लाल किले की प्राचीर की ओर बढ़ेंगे, जहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह उनका स्वागत करेंगे. दिल्ली क्षेत्र के जीओसी, प्रधानमंत्री को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्राचीर पर स्थित मंच तक ले जाएंगे. फ्लाइंग ऑफिसर रशिका शर्मा राष्ट्रीय ध्वज फहराने में प्रधानमंत्री की सहायता करेंगी. इसके साथ ही 1721 फील्ड बैटरी (सेरेमोनियल) द्वारा स्वदेशी 105 मिमी लाइट फील्ड गन से 21 तोपों की सलामी दी जाएगी, जिसका नेतृत्व मेजर पवन सिंह शेखावत करेंगे. वहीं, गन पोजिशन ऑफिसर नायब सूबेदार (तोपखाने में सहायक प्रशिक्षक) अनुतोष सरकार होंगे.

## सुप्रीम कोर्ट से कन्नड़ एक्टर दर्शन की जमानत रद्द, हाई कोर्ट के फैसले को पलटा

### रेणुकास्वामी मर्डर केस

नई दिल्ली,सुप्रीम कोर्ट ने रेणुकास्वामी हत्या मामले में कन्नड़ एक्टर दर्शन थुगुदीपा की जमानत को रद्द कर दिया है. अदालत ने कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले को पलटते हुए यह फैसला सुनाया. बता दें कि कर्नाटक हाईकोर्ट ने दर्शन को जमानत दे दी थी. कर्नाटक सरकार ने अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को दी गई जमानत रद्द करने को लेकर एक याचिका दायर की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया. मामले में अदालत ने कहा कि सभी व्यक्ति, चाहे उनकी लोकप्रियता, शक्ति या विशेषाधिकार कुछ भी हों, समान रूप से कानून के अधीन हैं. जस्टिस जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की बेंच ने दर्शन और सह–आरोपी को जमानत देने के कर्नाटक हाई कोर्ट के 13 दिसंबर, 2024 के आदेश को रद्द करने का फैसला सुनाया. पिछले महीने, बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था.सुनवाई करते हुए बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश में गंभीर कानूनी खामियां हैं और जमानत देने का कोई विशेष कारण दर्ज नहीं किया गया है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट का आदेश विवेकाधिकार के यांत्रिक प्रयोग को दर्शाता है जिसमें कानूनी रूप से प्रासंगिक तथ्यों की महत्वपूर्ण चूक शामिल है. जस्टिस महादेव ने बेंच की ओर से फैसला सुनाते हुए कहा कि, अपराध की प्रकृति और गंभीरता, अभियुक्त की भूमिका और मुकदमे में हस्तक्षेप के वास्तविक जोखिम पर पर्याप्त विचार किए बिना ऐसे गंभीर मामले में जमानत देना पूरी तरह से विवेकाधिकार का अनुचित प्रयोग है. बेंच ने





मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि, हाई कोर्ट के आदेश द्वारा दी गई स्वतंत्रता निष्पक्ष न्याय प्रशासन के लिए एक वास्तविक और आसन्न खतरा है. हाई कोर्ट का आदेश मुकदमे की प्रक्रिया को भी पटरी से उतार रही है. बेंच ने कहा, सभी व्यक्ति, चाहे उनकी लोकप्रियता, शक्ति या विशेषाधिकार कुछ भी हों, समान रूप से कानून के अधीन हैं. जस्टिस पारदीवाला ने कहा, यह फैसला एक बहुत ही कड़ा संदेश देता है कि अभियुक्त कोई भी हो, चाहे वह कितना भी बड़ा या छोटा क्यों न हो, वह कानून से ऊपर नहीं है. इस पर पूरा निर्णय अभी आना बाकी है. 24 जुलाई को, सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल जून में 33 साल के रेणुकास्वामी के अपहरण, यातना और हत्या के मुख्य आरोपी, अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को कर्नाटक हाई कोर्ट द्वारा जमानत दिए जाने की निंदा करते हुए कहा कि, यह प्रथम दृष्टया विवेकाधिकार के बिगड़ा हुआ प्रयोग का मामला है. अदालत ने कहा कि, प्रतिवादी आरोपी को दी गई जमानत रद्द की जाती है. साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे आरोपी को तुरंत हिरासत में लें. सुनवाई के दौरान, जस्टिस पारदीवाला ने दर्शन का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे से कहा, क्या आपको नहीं लगता कि हाई कोर्ट ने बरी करने का आदेश दिया है. सभी सातों को बरी करना... कारण बताने के कई तरीके हैं. सुप्रीम कोर्ट ने दुख जताते हुए दर्शन के वकील से पूछा कि, क्या हाई कोर्ट सभी जमानत आवेदनों पर एक ही प्रकार का आदेश देता है. दवे ने दलील दी कि हाई कोर्ट के निष्कर्ष प्रारंभिक हैं और यह मुकदमे को बाध्यकारी नहीं बनाने वाले हैं. न्यायमूर्ति पारदीवाला ने अभिनेता को जमानत देने वाले हाई कोर्ट के आदेश की आलोचना करते हुए कहा कि, बेंच को हाई कोर्ट का दृष्टिकोण परेशान कर रहा है. जमानत याचिका और आखिरकार धारा 302 (हत्या) मामले में गिरफ्तारी के आधार न बताए जाने के तरीके पर गौर कीजिए. सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि, यह विद्वान न्यायाधीश की समझ है, वह भी हाई कोर्ट की. हम समझ सकते हैं कि सत्र न्यायाधीश ने ऐसी गलती की है...बेंच ने कहा कि, यह प्रथम दृष्टया विवेकाधिकार के विकृत प्रयोग का प्रश्न है. हम इस बात की जांच करने का प्रयास कर रहे हैं...क्या हाई कोर्ट ने विवेकाधिकार का प्रयोग करते समय न्यायिक रूप से अपने विवेक का प्रयोग किया है. यही चिंता का विषय है. जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट हाई कोर्ट जैसी गलती नहीं करेगा. अदालत ने कहा कि, वह दोषसिद्धि या बरी करने का कोई निर्णय नहीं देगा. सुप्रीम कोर्ट ने कहा, क्या आपको नहीं लगता कि उच्च न्यायालय ने बरी करने का आदेश सुनाया है. पीठ ने हाई कोर्ट के दिसंबर 2024 के जमानत आदेश की भाषा से नाखुश होकर पूछा.

33 वर्षीय ऑटोरिक्शा चालक रेणुकास्वामी का शव 9 जून, 2024 को मिला था. 13 दिसंबर, 2024 को, हाई कोर्ट ने अभिनेता दर्शन और अन्य को रेणुकास्वामी की कथित हत्या के मामले में जमानत दे दी.

## एक नजर

### पौड़ी में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति और एकता का दिया संदेश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : गुरुवार को पौड़ी मुख्यालय में 79वें स्वतंत्रता दिवस को लेकर ॒हर घर तिरंगा॒ अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरूआत सांसद गढ़वाल अनिल बलूनी सहित लोनिवि मंत्री सतपाल महाराज, शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने संयुक्त रूप से की। यात्रा के दौरान हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा में सभी ने सहभागिता निभाई और लोगों को देशभक्ति और एकता का संदेश दिया।

सांसद गढ़वाल अनिल बलूनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान आज देश भर में चल रहा है। कहा कि बड़ी संख्या में लोग इसमें हिस्सा ले रहे हैं। देशभर में निकाली जा रही इस यात्रा का संदेश राष्ट्रीय एकता, समरसता और सद्भावना के तौर पर हर घर, हर शहर और गांव में जाएगा। तिरंगा यात्रा के दौरान विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति नारों के जरिए स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को नमन किया। तिरंगा यात्रा में सीडीओ पौड़ी गिरीश गुणवंत स्थानीय जनप्रतिनिधियों और विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और बारिश के बावजूद तिरंगा यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया।

### बीरोंखाल ब्लॉक प्रमुख बनीं नेहा नेगी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : बीरोंखाल ब्लाक प्रमुख पद पर हुए रोमांचक मुकाबले में निर्दलीय प्रत्याशी नेहा नेगी ने भाजपा समर्थित सरिता पोखरियाल को आठ मतों से हराकर प्रमुख की सीट पर विजयी घोषित हुई। वहीं नेहा के ससुर कुलदीप नेगी ज्येष्ट उप प्रमुख बनें। गुरुवार को बीरोंखाल ब्लाक मुख्यालय में नोड़ल अधिकारी बीडीओ बीरोंखाल जेएस पयाल के दिशा निर्देश में हुई मतगणना में नेहा नेगी को 19 मत मिले, जबकि सरिता पोखरियाल को 11 मत मिले। ज्येष्ठ प्रमुख पद पर कुलदीप नेगी को 19, शिशुपाल सिंह रावत को 11 मत मिले। वहीं पहले ही कनिष्ठ प्रमुख निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं।

### तिरंगा रैली का आयोजन

चमोली। पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में महाविद्यालय के एनसीसी, एनएसएस, रॉबर्स रेंजर्स और नामामि गंगे के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर हर घर तिरंगा हर घाट तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित भाषण सभा में पल्लवी, दिया और मनीष ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ.अखिलेश कुकरेती ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारे देश के लिए एक गौरव का क्षण है जब हम अपने देश की आजादी की बात करते हैं। देश के प्रत्येक नागरिक को आजादी के इस क्षण को अपने हृदय में आत्मासात करना चाहिए। इस मौके पर डॉ. नरेंद्र पंघाल, डॉ. चंद्रावती टम्टा, डॉ हिना नौटियाल, डॉ चंद्रमोहन जनस्वाण, डा. हरीश रतूड़ी, डॉ शीतल देशवाल, कीर्तिराम डंगवाल, डॉ. आरसी भट्ट, डॉ. कविता पाठक, डॉ भरत बैरवाण, डॉ केके द्विवेदी, डॉ नेतराम, डॉ रवींद्र कुमार, डॉ. स्वाति सुंदरियाल, डॉ. शालिनी सैनी, डॉ. मदन शर्मा, डॉ देवकी नंदन, डॉ तरुण कुमार, डॉ पूजा भट्ट आदि थे।

### भारी बारिश से तोलमा नाले में आया उफान, एक मकान क्षतिग्रस्त

चमोली। नीती घाटी के तमक नाले में बुधवार की देर रात्री आये भारी पानी के कारण नाले के निकट बने छह कमरों का एक मकान पूर्ण क्षतिग्रस्त हो गया है। ग्राम सभा तोलमा के तमक गांव से लगभग 2 किमी उपर पहाड़ी में कल देर रात्री आतिवृष्टि के कारण ओट गदेरे में भारी पानी आया। पानी के उफान में मलबा व बोल्डर बहकर नीचे आने से नाले के निकट स्थित एक छह कमरों का संयुक्त आवासीय भवन पूर्ण क्षतिग्रस्त हो गया है भवन की दीवारें व छत जगह जगह टूट गई है। इसके अतिरिक्त पहाडी से आये मलबे के कारण आसपास की उपजाउ भूमि व एक मत्स्य पालन टैंक को भी क्षति हुई है। प्रभावित हुकम सिंह पंवार, दर्वान सिंह व गबर सिंह पंवार कहते हैं कि उनका मकान पूर्ण क्षतिग्रस्त हो गया है व अब रहने योग्य नहीं है। वहीं तहसीलदार जोशीमठ महेन्द्र आर्य ने बताया कि क्षेत्रीय पटवारी को क्षेत्र में हुए नुकसान के आंकलन व वास्तिविक स्थित का पता करने के लिए मौके पर भेज दिया गया है रिपी आने के बाद निमयमानुसार कार्यवाही की जायेगी। वहीं उपजिलाधिकारी चन्द्रशेखर बशिष्ट ने बताया कि जिस भवन को नुकसान हुआ है व गैर आवासीय है व क्षेत्र में हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

# पानी-पानी हुआ शहर, राष्ट्रीय राजमार्ग भी हुआ बंद

### बुधवार रात हुई भारी बारिश से जगह-जगह हुआ जलभराव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बुधवार रात हुई तेज बारिश से पूरा शहर पानी-पानी हो गया। सड़कों पर जगह-जगह जलभराव देखने को मिला। वहीं, राष्ट्रीय राजमार्ग बरसाती रपटे पर भी भारी मलबा आ गया था। जिसके कारण घंटों यातायात बंद रहा।

बुधवार रात साढ़े सात बजे से वर्षा का दौर शुरु हो गया था। पूरी रात चली वर्षा के कारण शहर की सड़कें पानी में डूब गई थी। झंडाचौक से स्टेशन रोड के लिए तेज बहाव में वर्षा का पानी बह रहा था। झड़ाचौक में सड़क किनारे खड़े दोपहिया वाहनों को पानी अपने साथ बहाकर ले गया था। साथ ही चार पहिया वाहनों को भी आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा। पूरी रात पनियाली गदेरा भी उफान पर बह रहा था। गदेरे के आसपास रहने वाले परिवारों ने अन्यत्र शरण ली। खोह, सुखरो व मालन नदी भी अपने तेज वेग में बह रही थी। वर्षा के दौरान कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी मलबा व बोल्डर आ गया था। राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात पूरी रात बंद रहा। गुरूवार सुबह करीब साढ़े सात बजे राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने जेसीबी से मलबा व बोल्डर हटाकर यातायात सुचारु करवाया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का लंबा जाम लगा हुआ था। हाईवे पर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए पुलिस को पसीना बहाना पड़ा।



कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य बरसाती रपटे पर आए मलबे को साफ करती जेसीबी मशीन

### मुकदमें का भय दिखाकर महिला से ठगे दस लाख

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : शहर में एक महिला को मुकदमे का भय दिखा कर दस लाख की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया है।पुलिस को दी गई तहरीर में कोटद्वार निवासी मंजूबाला का कहना है कि बीते माह आठ जुलाई की सुबह उन्हें अभिषेक शेख, निवासी मांगलिक कालोनी अपार्टमेंट, कोलावार, मुंबई ने व्हटस-एप पर काल की।

काल में उनके खिलाफ कोलंबो में मामला दर्ज होने की बात कहते हुए आनलाइन मुकदमा समाप्त करने की बात कही। कहा गया कि मुकदमा समाप्त करने के लिए दस लाख रूपए लगेंगे व जांच के बाद पैसा वापस कर दिया जाएगा। बताया कि वे बैंक में गई व दस लाख की एफडी तुड़वा कर उक्त व्यक्ति द्वारा दिए गए एकाउंट में ट्रांसफर कर दिया। बताया कि उक्त व्यक्ति ने दस जुलाई तक उन्हें बातों में उलझाए रखा। इस दौरान उक्त लोग उन्हें आनलाइन ही कोर्ट रूम में जज के आगे बिठा कर स्वयं पैरवी करते नजर आते। लेकिन, उन्हें जैसे ही धोखाधड़ी का अहसास हुआ तो उन्होंने तत्काल काल कट कर दी। इसके बाद भी उक्त लोग अलग-अलग नंबरों से उन्हें फोन कर रहे हैं।

## राजकीय शिक्षक संघ पौड़ी ब्लॉक के अध्यक्ष बनें मनोज बिष्ट

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राजकीय शिक्षक संघ जनपद पौड़ी की शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं अधिवेशन आयोजित हुआ। इस दौरान संघ की पौड़ी ब्लॉक की नई कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें मनोज कुमार बिष्ट अध्यक्ष चुने गए। इस दौरान शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी में भगवान सिंह नेगी, महानंद प्रकाश कोहली, धरम सिंह व स्वेता बिष्ट रौतेला ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अपने विचार रखे। डीपीओ अरविंद कुमार ने शिक्षकों को एआई और चैट जीपीटी जैसे साधनों का प्रयोग करते हुए शिक्षा में नई गुणवत्ता लाने एवं छात्रों को उससे जोड़ने की बात कही।राजकीय इंटर कॉलेज पौड़ी में आयोजित अधिवेशन का मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठन के संरक्षक जसवाल रावत, डीपीओ अरविंद कुमार व प्रधानाचार्य बीपी डोभाल ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष पद पर मनोज कुमार बिष्ट, जितेंद्र सिंह नेगी के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें 97 वोट में से 71 वोट प्राप्त कर मनोज कुमार बिष्ट ने अध्यक्ष पद पर विजय हासिल की। जबकि उपाध्यक्ष पद पर सुबोध कुमार, महिला उपाध्यक्ष स्वेता बिष्ट रौतेला, संयुक्त मंत्री जयशंकर प्रसाद, संयुक्त मंत्री महिला दिव्या नेगी व आय-व्यय निरीक्षक अनीता चमोली निर्विरोध चुनीं गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. योगेंद्र सिंह व सह-निर्वाचन अधिकारी बालेश्वर प्रसाद व पर्यवेक्षक सीताराम पोखरियाल की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया को हुई। जिला संरक्षक जयदीप रावत ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर संघ के जिला मंत्री विजेंद्र बिष्ट, मनमोहन चौहान, देवेंद्र सिंह रावत, चंद्र मोहन सिंह रावत, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार काला, भरत सिंह बुटोला आदि मौजूद रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष बनीं भाजपा प्रत्याशी रचना बुटोला

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : 38 जिला पंचायत सीटों वाली पौड़ी जिला पंचायत अध्यक्ष पद भाजपा प्रत्याशी रचना बुटोला ने भारी मतों से जीत हासिल की। रचना बुटोला को 38 में से 33 मत मिले। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका ईष्टवाल को मात्र 5 वोटों से संतोष करना पड़ा। रचना बुटोला पौड़ी जिला पंचायत की निवर्तमान उपाध्यक्ष भी थी। मतगणना के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम पौड़ी स्वाति एस भदौरिया ने रचना बुटोला को जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया।पौड़ी जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर भाजपा ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की है। इससे पूर्व भाजपा से शांति देवी निवर्तमान जिला पंचायत की अध्यक्ष रही हैं। रचना बुटोला को जिला पंचायत के लिए चुनावों में भारी बहुमत मिला। वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी दीपिका ईष्टवाल को महज पांच वोट ही मिल सके। कांग्रेस प्रत्याशी को पांच वोट मिलने से यह भी साफ हो गया कि पार्टी ने जिन जिला पंचायत सदस्यों को अधिकृत किया था उन्होंने भी जिला पंचायत अध्यक्ष की पार्टी प्रत्याशी को वोट नहीं दिया। जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव परिणाम आने के बाद कांग्रेस के जिलेभर में अधिकृत 10 प्रत्याशी चुनाव जीतकर आए थे। वहीं दूसरी तरफ भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव को एक तरफा जीतने में सफल रही। जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए पार्टी प्रत्याशी रचना बुटोला को जिला पंचायत के 33 सदस्यों ने वोट दिया है। रचना बुटोला ने कोट ब्लाक की जिला पंचायत सीट धौलकंडी से सदस्य चुनकर आई है।

### यज्ञ के साथ संपन्न हुआ वेद प्रचार सप्ताह

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बलभद्रपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल कोटद्वार में आयोजित वेद प्रचार सप्ताह यज्ञ के साथ संपन्न हो गया। यज्ञ में विद्यालय के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने भाग लिया।

आठ अगस्त से चले रहे वेद प्रचार सप्ताह के अंतिम दिन सर्वप्रथम प्राणायाम व गायत्री मंत्र का जाप किया गया।

तत्पश्चात हरीशचंद्र शास्त्री ने हवन यज्ञ संपन्न करवाया। सभी ने ऊं विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद भद्रं तन्न आसुव मंत्र का वाचन किया। विद्यालय के धर्म शिक्षक हरीश चंद्र शास्त्री ने मंत्र का अर्थ बताते हुए कहा कि सूयदेव आप सभी बुराइयों को हमसे दूर करें, औ जो कल्याणकारी है, उसे हमे प्रदान करें। उन्होंने चारों वेदों के सार को विस्तार से समझाया।

# यज्ञ के साथ शिव महापुराण कथा का हुआ विश्राम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत उमराव नगर के महाकालेश्वर मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय सार्वजनिक शिवमहापुराण कथा का हवन यज्ञ के साथ समापन हो गया है। क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में आकर हवन यज्ञ में आहूतियां देकर सुख-समृद्धि व धन-धान्य की कामना की।

अंतिम दिन कथा का वाचन करते हुए आचार्य राकेश लखेड़ा ने उपमन्यु के प्रसंग का वर्णन किया। कहा कि उपमन्यु परम तपस्वी थे। उन्होंने तप के बल पर शिव को प्राप्त किया। उपमन्यु ने भगवान श्रीकृष्ण को भी उपदेश दिया था। कहा कि इस संपूर्ण ब्रह्मांड में भगवान शंकर ही व्याप्त है।

ब्रह्मा, विष्णु, रूद्र, सदाशिव सब उनकी प्रतिमाएं है। उन्होंने शिव व पार्वती का भी एक ही रूप बताया। कहा कि शिव की तरह ही पार्वती को शक्ति के रूप में पूजा जाता है। उसी शक्ति से क्रियात्मक शक्ति पैदा होती है, क्रियात्मक शक्ति से गृहस्थाश्रम बनता है। कथा के अंतिम दिन महाकालेश्वर कीर्तन मंडली, गौरी शंकर कीर्तन मंडली, वैष्णवी कीर्तन मंडली, आदर्श कीर्तन मंडली, शिव शक्ति कीर्तन मंडली, नारायण कीर्तन मंडली ने शानदार भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर नगर निगम के महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, पार्षद सौरभ नौडियाल, पंकज नेगी, मनोज सिंह नेगी, जगमोहन सिंह रावत, प्रकाश चंद्र देवरानी, शोभा उनियाल मौजूद रहे।



कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत उमरावनगर में चल रही शिव महापुराण कथा के समापन पर आहूति देते श्रद्धालु

# गीता देवी कल्जीखाल व गणेश कोली बनें कोट ब्लॉक प्रमुख

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : कल्जीखाल ब्लॉक प्रमुख सीट पर कांटे का मुकाबला देखने को मिला। भाजपा प्रत्याशी गीता देवी 1 वोट से जीत दर्ज की है। जबकि ज्येष्ठ प्रमुख संजय पटवाल और कनिष्ठ प्रमुख दीपक असवाल बनें। वहीं कोट विकासखंड में प्रमुख पद पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी गणेश कोली ने जीत दर्ज की, वहीं ज्येष्ठ प्रमुख पद पर उपेन्द्र भट्ट और कनिष्ठ प्रमुख पद पर अनिल गुसाई ने जीत दर्ज की।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में विकासखंड कल्जीखाल में प्रमुख पद पर सबकी नजरें टिकी थी। यहां पर प्रमुख पद पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी श्रीमती गीता देवी को 12 वोट पड़े, जबकि प्रिया देवी है 11 वोट पड़े। गीता देवी 1 वोट से चुनाव जीत गई है। 23 क्षेत्र पंचायत सदस्यों वाले विकासखंड कल्जीखाल में गीता देवी ने पट्टी असवालस्यूं के क्षेत्र पंचायत सीट मिर्चोड़ा से क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्विरोध जीत दर्ज की थी। गीता देवी के पैनल में ज्येष्ठ प्रमुख संजय पटवाल ने जीत दर्ज की, वहीं कनिष्ठ प्रमुख पर दीपक असवाल ने दर्ज की। ज्येष्ठ प्रमुख पद पर प्रीति नेगी, कनिष्ठ प्रमुख पद पर संजय डबराल मिंटू ने नामांकन किया था जिन्हें मात्र 1 वोट से हार का सामना करना पड़ा। गीता देवी प्रमुख, संजय पटवाल ज्येष्ठ प्रमुख, दीपक असवाल कनिष्ठ प्रमुख जैसे ही जीतकर प्रमाण पत्र लेकर बाहर निकले भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने जमकर नारे लगाए और फूलमालाओं से स्वागत किया। क्षेत्रीय निर्वाचन अधिकारी आर ओ अरविंद सिंह ने बताया कि प्रमुख का चुनाव शांति पूर्वक सम्पन्न करवाने में सभी जनप्रतिनिधियों सहयोग किया।



### अनिल भंडारी बनें खिर्सू ब्लॉक प्रमुख

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर विधानसभा के खिर्सू ब्लॉक में सम्पन्न हुए प्रमुख चुनावों में भाजपा ने परचम लहराया है। गुरुवार को सम्पन्न हुए पंचायत प्रमुख चुनाव में भाजपा के अनिल भंडारी आठ वोटों से कांग्रेस के सरत सिंह को शिकस्त देकर ब्लॉक प्रमुख बने हैं। ज्येष्ठ उप प्रमुख पद पर भाजपा के नितिन रावत ने कांग्रेस की लता देवी को छह वोट से हराया है, जबकि कनिष्ठ उप प्रमुख पद पर भाजपा की बरदासी देवी ने कांग्रेस की रानी देवी को छह वोटों से मात दी है।

खिर्सू ब्लॉक में भाजपा की जीत पर कैबिनेट मंत्री ने नवनिर्वाचित प्रमुख अनिल भंडारी को बधाइयां एवं शुभकामनायें दी हैं।

## महापौर ने नौ नए कूड़ा वाहनों का हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम श्रीनगर ने शहर क्षेत्र में नई सफाई व्यवस्था लागू की है। नगर निगम श्रीनगर की महापौर आरती भंडारी ने 9 नए कूड़ा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अब नगर निगम के पास 12 पिकअप कूड़ा वाहन सम्मलित हो गए हैं, जो कि नगर क्षेत्र में नियमित रूप से कूड़ा संग्रहण का कार्य करेंगे। इस मौके पर महापौर आरती भंडारी ने कहा कि श्रीनगर को स्वच्छता में देश का नंबर वन शहर बनाना हमारा संकल्प है। कहा कि नगर निगम की ओर से 9 नए कूड़ा वाहन संचालित किए जा रहे हैं, जो कि डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्रित करेंगे। साथ ही 80 नए स्वच्छता कर्मी 20 नए कर्मी (ड्राइवर और हेल्पर)कुल 100 नए कर्मी सफाई व्यवस्था में कार्य करेंगे। कहा कि पूरे सफाई अभियान की नियमित निगरानी के लिए 7 सुपरवाइजरों की भी नियुक्ति की गई है, जो वार्ड स्तर पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे और गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगे। महापौर आरती भंडारी ने कहा कि पूरे शहर में 9000 डस्टबिन और स्कूलों में सफाई के लिए विशेष व्यवस्थाएं शुरू की गई हैं, जिसमें स्कूलों में 60 लीटर का डस्टबिन वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर ऐसा श्रीनगर बनाना है, जो सिर्फ साफ-सुथरा ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक मिसाल बना सके। इसके लिए उन्होंने सभी लोगों से सहयोग की अपील की।

# गुलदार की दहशत, घरों में कैद ग्रामीण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : प्रखंड एकेश्वर के अंतर्गत ग्राम बमोली क्षेत्र में गुलदार का आंतक बना हुआ है। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। क्षेत्रीय जन ने वन महकमे से गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

मंगलवार शाम ग्राम बमोली निवासी अशोक बमोला अपने घर के समीप हैंडपंप से पानी भर रहा था। तभी गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। हैंडपंप के समीप मौजूद अन्य लोगों के शोर मचाए जाने के बाद गुलदार झाड़ियों की ओर चला गया। गुलदार के हमले में घायल अशोक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांवखाल पहुंचाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया। बमोली के ग्रामीणों ने कहा कि इससे पहले भी कई बार आबादी क्षेत्र में गुलदार दिखाई दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग पर उदासीनता का आरोप लगाया। कहा कि कई बार वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने व पिंजरा लगवाने की मांग की गई है। लेकिन, विभाग की तरफ से अभी तक इस दिशा में कोई प्रयास नहीं किया गया। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार के आतंक से छुटकारा दिए जाने की मांग की है।



### अंचला बनीं कीर्तिनगर ब्लॉक प्रमुख

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड त्रिस्तरीय ग्राम प्रधान के साथ क्षेत्र और जिला पंचायत के सदस्यों के चुनाव समाप्त होने के बाद गुरुवार को विकासखंड (ब्लॉक) प्रमुखों की चुनाव प्रक्रिया भी सम्पन्न हो गई है। सुबह आठ बजे से शुरू हुए मतदान को लेकर भाजपा और कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार और समर्थक सुबह से ही ब्लॉक सभागार में बड़ी तादाद में पहुंचे। रिर्टनिंग ऑफिसर शिवम रावत ने बताया कि ब्लॉक प्रमुख पद पर अंचला खण्डेवाल ने 10 मतों से विजय प्राप्त की, जबकि कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी स्नेहलता शाह को 15 ही मत प्राप्त हो पाए। ज्येष्ठ उपप्रमुख पद पर जगत नारायण रतूड़ी ने रघुवीर सिंह को 8 मतों से परास्त किया। जगतनारायण रतूड़ी को 24 मत प्राप्त हुए, जबकि रघुवीर सिंह को 16 मतों से संतोष करना पड़ा। कनिष्ठ प्रमुख पद पर प्रियंका देवी को 25 और भावना पंवार को 15 मत प्राप्त हुए। भाजपा समर्थित प्रत्याशी के विजय होने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। परिणाम की घोषणा होते ही देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने सभी विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। कहा कि एक बार फिर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में हो रहे विकास कार्यों पर जनता ने मुहर लगाई है। (एजेंसी)

# अधिवक्ता अवनीश नेगी को किया सम्मानित



अधिवक्ता अवनीश नेगी को सम्मानित करते पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाने के लिए कांग्रेस कमेटी ने अधिवक्ता अवनीश नेगी को सम्मानित किया।

पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी के निवास पर आयोजित सम्मान समारोह में अधिवक्ता अवनीश नेगी को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न भेंट कर उनका सम्मान किया गया। पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि वनंतरा मामले में पीड़ित पक्ष की तरफ से अधिवक्ता अवनीश नेगी ने तथ्यपूर्ण पैरवी कर न्याय की राह आसान की है। कहा कि उन्होंने उक्त मामले को मजबूती से लड़कर पीड़ित पक्ष को न्याय दिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर संजय मित्तल, प्रवीन रावत, विजय रावत, महावीर सिंह रावत, मीना बछुवाण आदि मौजूद रहे।

# सांसद और मंत्री लिया आपदाग्रस्त कलुण गांव का जायजा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पौड़ी जनपद के आपदाग्रस्त गांव कलुण का सांसद गढ़वाल अनिल बलूनी, शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने गुरुवार को दौरा किया। इस दौरान सांसद गढ़वाल व कैबिनेट मंत्री ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और नुकसान का जायजा लिया और आपदा प्रभावितों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। कहा कि आपदा की इस घड़ी में सरकार प्रभावितों के साथ पूरी तरह से खड़ी है। सांसद ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार आपदा से आई समस्या के निस्तारण में जुटी हुई है। सांसद अनिल बलूनी ने अफसरों को निर्देश दिए कि प्रभावितों को शीघ्र राहत पहुंचाई जाएं और यहां बिजली, पानी, रसद आदि की व्यवस्थाएं, प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाएं। साथ ही निर्देश भी दिए कि गांव में आपदा से हुए नुकसान की एक विस्तृत रिपोर्ट बनाई जाए। इससे पूर्व सांसद बलूनी और शिक्षा मंत्री आपदा ग्रस्त सैंजी आदि गांवों का भी दौरा किया था। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख पाबौ लता रावत, पार्टी के जिलाध्यक्ष कमल किशोर, अगरोड़ा मंडल अध्यक्ष संतोष चंदोला, ग्राम प्रधान अशोक, विकास रावत, भजन सिंह गुसाई आदि भी मौजूद रहे।

# जिला पंचायत उपाध्यक्ष बनीं आरती नेगी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पौड़ी जिला पंचायत के चुनावों में उपाध्यक्ष पद पर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही राजनीतिक दलों को झटका लगा है। उपाध्यक्ष पद पर निर्दलीय प्रत्याशी आरती नेगी ने जीत दर्ज की। जिला निर्वाचन अधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने बताया कि द्वितीय वरियता के आधार पर आरती नेगी को उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। जीत के बाद उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष के लिए भाजपा ने निवर्तमान ब्लाक प्रमुख द्वारीखाल महेंद्र राणा तो कांग्रेस ने चंद्रभानु पर दाव खेला था। लेकिन परिणाम दोनों ही पार्टियों के विपरीत आए। 18 वोट पाकर आरती नेगी ने पौड़ी जिला पंचायत उपाध्यक्ष के चुनाव में जीत हासिल की। जबकि भाजपा प्रत्याशी महेंद्र राणा को 14 वोट मिले। आरती निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर जिला पंचायत सदस्य का चुनाव एकेश्वर ब्लाक की सीट चैधार से चुनाव जीतकर आई थी। 38 सीटों वाली पौड़ी जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद के लिए लंबी खींचतान भी चलती रही। इस पद के लिए भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के साथ कुल चार प्रत्याशियों मैदान में थे। पहले राउंड में पड़े मतों के आधार पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष का चुनाव परिणाम नहीं निकल सका। दूसरे राउंड में आरती देवी ने बाजी मारी ली और उन्हें कुल 18 मत मिलने पर निर्वाचित घोषित किया गया।

### समर्थकों ने मनाया जश्न

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : गुरुवार को जैसे ही जिला पंचायत अध्यक्ष का परिणाम आया भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला पंचायत के बाहर गुलाल लगाकर व आतिशबाजी कर जश्न मनाया। सुबह से ही मतदान को लेकर प्रत्याशियों के समर्थकों में उत्साह बना हुआ था। गुरूवार को सुबह से ही जिला पंचायत कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं की भीड़ भी जुटनी शुरू हो गई थी। इस दौरान परिणाम घोषित होते ही जीते हुए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के समर्थकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। भाजपा द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर जीत हासिल करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष कमलकिशोर रावत ने भी समर्थकों के साथ खुशी जताई।

## बदरीनाथ में बद्रीश संघर्ष समिति ने निकाला जुलूस

चमोली। बदरीनाथ धाम में संयुक्त बद्रीश संघर्ष समिति के नेतृत्व में गुरुवार 11वें दिन भी स्थानीय होटल एसोशिएशन, पंडा पंचायत बामणी, माणा के स्थानीय लोगों ने अपनी 13 सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध जुलूस निकाला। गुरुवार सुबह 10 बजे विरोध जुलूस प्लाजा से शुरू कर प्रदर्शनकारी मंदिर से गांधी घाट पर पहुंचे। जहां पर लोगों ने बुधवार को अलकनंदा नदी के जल स्तर बढ़ने से गांधी घाट पर बैंच बहने व अलकनंदा नदी से हो रहे कटाव को देखते हुए सरकार के खिलाफ जश नारेबाजी कर बदरीनाथ धाम में चल रहे मास्टर प्लान का विरोध प्रदर्शन किया। वहीं संयुक्त बद्रीश समिति के द्वारा लोक निर्माण विभाग व धाम में मास्टर प्लान का कार्य कर रही कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को वार्ता हेतु मौके पर बुलाया जहां पर मास्टर प्लान के अंतर्गत होने वाले सभी कार्यों की जानकारी ली। चारधाम होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अध्यक्ष राजेश मेहता का कहना है कि बुधवार शाम को अलकनंदा नदी का जल स्तर बढ़ने ने गांधी घाट पर बनी सुरक्षा दीवार का कटाव शुरू हो गया है, जिससे अब तप्त कुंड सहित ब्रह्मकपाल को भी खतरा बन गया है। निरंतर विरोध करने के बाद भी धाम में मास्टर प्लान का कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत रिवर फ्रंट के कार्य में अलकनंदा नदी में गाद मलबा डाला गया, जिससे नदी का जल स्तर बढ़ने से लगातार गांधी घाट की तरफ कटाव हो रहा है।




## कांग्रेस के प्रवीण पुरोहित बने थराली के प्रमुख

चमोली। थराली में ब्लाक प्रमुख का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया है। सुबह 11:00 से मतदान हुआ 3:00 बजे से मतगड़ना हुई जिसमें कुलसारी वार्ड के क्षेत्र पंचायत सदस्य कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण पुरोहित को 15 मत ओर भाजपा प्रत्याशी भानु प्रकाश फर्शवाण को 07 मत पडे। इस प्रकार कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण पुरोहित ने अपने प्रतिद्वन्द्वी भाजपा के भानु प्रकाश फर्शवाण 8 मतों से पराजित कर ब्लाक प्रमुख पद पर जीत हासिल की। ज्येष्ठ उप प्रमुख पद पर नवनीत सिंह तथा कनिष्क उप प्रमुख पर राजेश चौहान पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे। वहीं नव निर्वाचित ब्लाक प्रमुख प्रवीण पुरोहित ने अपने समर्थको के साथ थराली कुलसारी, तलवाडी, चेपड़ो, लोल्टी,ग्वालदम में विजय जुलूस निकालकर मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पूर्व विधायक डॉ जीतराम, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विनोद रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता रावत, व्यापार संघ अध्यक्ष संदीप रावत, विनोद चंदोला, सुरपाल सिंह रावत, हीरा चिनवान, प्रदीप रावत,दीनी चंदोला, मनोज बिष्ट, भगवत फर्शवाण, सुब्बी चौहान, पृथ्वी सिंह, सुसमा खंपा, प्रेम बुटोला, प्रधुमन सिंह रावत, हरी सिंह,गजेंद्र सिंह रावत सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 25 वर्षीय दुर्गा रावत बनी क्षेत्र प्रमुख गैरसैंण

चमोली। महज 25 वर्ष की उम्र में गैरसैंण क्षेत्र प्रमुख बनी दुर्गा रावत कंडारी खोड़ क्षेत्र पंचायत सीट से जीत कर आयी हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा केबीएस मेमोरियल सदन मेहलचौरी, माध्यमिक शिक्षा जीआईसी लाटूगैर तथा बीए राजकीय महाविद्यालय गैरसैंण से किया है। दुर्गा रावत के पति नरेन्द्र सिंह रावत गैरसैंण में रेस्टोरेंट चलाते है, दुर्गा रावत का पहले कोई राजनैतिक इतिहास नही है अलबत्ता उन्हें यहां तक पहुंचने में उनके ज्येठ महावीर रावत जो वर्तमान में भाजपा युवा मोर्चा चमोली के अध्यक्ष व पूर्व में भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष का महत्व पूर्ण साथ मिला।

## कर्णप्रयाग में भाजपा की दीपिका मैखुरी बनी ब्लॉक प्रमुख

चमोली। कर्णप्रयाग में भाजपा समर्थित उत्तरों वार्ड की क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपिका मैखुरी ब्लॉक प्रमुख निर्वाचित हुई हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की माहेश्वरी देवी को दो मतों से हराया। वहीं, जेष्ठ प्रमुख के लिए भाजपा के बीरेंद्र सिंह और कनिष्ठ प्रमुख के लिए भाजपा के ही मनबीर सिंह निर्वाचित हुए हैं।

नव निर्वार्चित दीपिका मैखुरी भाजपा के वरिष्ठ नेता टीका मैखुरी की पुत्रवधू हैं। चुनाव जीतने के बाद लंगासू मैखुरा निवासी दीपिका मैखुरी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क की सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ महिला शशक्तीकरण पर कार्य करना होगा।

## समस्त क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस और जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं




**श्रीमती सुनीता देवी रावत**
प्रमुख क्षेत्र पंचायत सदस्य
विकासखंड थलीसैंण

## समस्त क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस और जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं




**अजयपाल नेगी**
क्षेत्र पंचायत सदस्य
ग्राम कफल्ड ग्राम मुसेटी
पट्टी चोपड़ाकोट थलीसैंण

## समस्त क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस और जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं




**मनवर सिंह बिष्ट**
क्षेत्र पंचायत सदस्य (ज्येष्ठ प्रमुख) गडिगांव वार्ड चौथान,
ग्राम मंगरों पोस्ट बूंगीधार, थलीसैंण


## !! कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)!!

पत्रांक- 2544/15 अगस्त 2025/विज्ञप्ति/अपील/2025-26 दिनांक- 14/8/2025

**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार के समस्त नगरवासियों को 15 अगस्त 2025 (स्वतंत्रता दिवस) के पावन पर्व पर हार्दिक बधाई।**

## अपील

1- डेंगू के प्रकोप से बचने के लिये अपने आस-पास पानी इकट्ठा न होने दें।
2- स्वच्छ भारत अभियान में सहयोग करें।
3- नालियों में कूड़ा करकट न फेंके।
4- घरों का कूड़ा कूड़ेदान या कूड़े वाली गाड़ी में ही पृथक-पृथक डालें।
5- नगर निगम कोटद्वार द्वारा आरोपित करों का समय पर भुगतान करें।
6- नगर नगम कोटद्वार की सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान न पहुंचाये।
7- नगर निगम कोटद्वार को पॉलिथीन मुक्त बनाने में सहयोग करें।


| | | |
|---|---|---|
| पी0एल0 शाह | शैलेन्द्र सिंह रावत | नगर आयुक्त, पार्षदगण |
| नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार। | महापौर नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार। | नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार। |


## समस्त क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस और जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं




**श्रीमती मंजू देवी**
क्षेत्र पंचायत सदस्य

## समस्त क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस और जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

**श्रीमती शांति देवी**
जिला पंचायत सदस्य
शीली वार्ड
विकासखंड बीरोंखाल एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष

## समस्त क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस और जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं




**वन्दना रौथाण**
जिला पंचायत सदस्य
ब्यासी वार्ड विकासखंड थलीसैंण

## समस्त क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस और जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं




**जगदीश सिंह बिष्ट**
कान्टेक्टर विद्युत विभाग
ग्राम मरोड़ा थलीसैंण पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड

''जी0एम0ओ0यू0लि0'' की ओर से

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं

83 वर्षों से उत्तराखण्ड की परिवहन सेवा में जन सेवारत

- 75वीं वर्षगाँठ "हीरक जयन्ती वर्ष 2018" (1943-2018)।
- "हिमगिरी" स्मारिका का विमोचन।
- हमारा ध्येय – सड़क सुरक्षा, समय पाबन्दी, व्यवहार कुशलता, सुरक्षित यात्रा
- हिमगिरी एक्सप्रेस 2x2 पुशबैक एवं 3x2 व 2x2 आरामदायक बस सेवायें।
- 13+1 सीटर सिंगल टायर स्टेज कैरेज एवं उससे अधिक वाहनों की यात्रा सुविधायें।
- कोटद्वार, श्रीनगर, कर्णप्रयाग एवं रामपुर (रूद्रप्रयाग) में शुद्ध डीजल, पेट्रोल एवं ल्युब्रीकेन्टस की सुविधा।
- उत्तराखण्ड के चार धाम एवं हेमकुण्ड/लोकपाल तथा अन्य दर्शनीय स्थलों व शादी विवाह पार्टियों हेतु आरामदायक एवं सुविधायुक्त बसें हर समय उपलब्ध।
- उत्तराखण्ड में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को 20% किराये में छूट।
- चारधाम यात्रा/ लोकल यात्रा के लिए ऑनलाईन बुकिंग की सुविधा Redbus.com पर उपलब्ध है।

(भाष्करानन्द भारद्वाज)
अध्यक्ष
एवं समस्त जी0एम0ओ0यू0 परिवार


## जवाड़ी बाईपास पर पांचवें दिन आवाजाही शुरू

रुद्रप्रयाग। नगर मुख्यालय से लगे जवाड़ी बाईपास पर पांचवे दिन वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है। बीते चार दिनों से जेसीबी मशीनों की मदद से सड़क पर गिरे मलबे को साफ किया जा रहा था जिसमें गुरुवार को वाहनों का संचालन शुरू हुआ। जवाड़ी बाईपास नगर में जाम से निजात दिलाने का एक प्रमुख मार्ग है। बड़ी संख्या में बाईपास से वाहनों की आवाजाही होती है जिससे नगर में वाहनों का दबाव कम रहता है। भारी बारिश के चलते 9 अगस्त को मार्ग में बड़ी मात्रा में मलबा आने से 120 मीटर मार्ग बंद हो गया। केदारनाथ जाने वाले वाहनों को नगर के मुख्य बाजार से होते हुए गुजरना पड़ा जबकि बदरीनाथ जाने वाले वाहन यहां से गुजरते रहे हैं। इस कारण यहां वाहनों का सुबह शांम दबाव बढ गया।

# जनपद के 15 विकासखंडों में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ पंचायत चुनाव

## विजेताओं को मिला प्रमाण पत्र

**पौड़ी (प्रतिनिधि)**जनपद पौड़ी के सभी 15 विकासखंडों में पंचायत चुनाव के तहत मतदान और मतगणना की प्रक्रिया गुरुवार को शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि मतगणना समाप्त होने के बाद संबंधित क्षेत्र के आरओ ने विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए निर्वाचन अधिकारियों और सुरक्षा बलों को धन्यवाद दिया।

जनपद के सभी विकासखंडों में ब्लॉक प्रमुख, उप ज्येष्ठ प्रमुख और उप कनिष्ठ प्रमुख पदों पर चुनाव हुए। कई स्थानों पर प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। विकासखंड पाबौ में ब्लॉक प्रमुख लता देवी, उप ज्येष्ठ प्रमुख राजपाल सिंह और उप कनिष्ठ प्रमुख शिवानी देवी निर्विरोध चुने गए। थलीसैंण में उप कनिष्ठ प्रमुख राज शेखर रावत, दुगड्डा में आरती काला और बीरोंखाल में विनीता देवी भी निर्विरोध विजयी हुई।

**विकासखंडवार परिणाम**

पौड़ी ब्लॉक प्रमुख अस्मिता देवी, उप ज्येष्ठ प्रमुख अर्चना तोपाल, उप कनिष्ठ प्रमुख नीरज परटवाल।

कोट ब्लॉक प्रमुख गणेश सिंह, उप ज्येष्ठ प्रमुख उपेन्द्र भट्ट, उप कनिष्ठ प्रमुख अनिल कुमार।

कल्जीखाल ब्लॉक प्रमुख गीता देवी, उप ज्येष्ठ प्रमुख संजय कुमार, उप कनिष्ठ प्रमुख दीपक कुमार।

खिर्सू ब्लॉक प्रमुख अनिल भंडारी, उप ज्येष्ठ प्रमुख नितिन रावत, उप कनिष्ठ प्रमुख बरदाशी देवी।

नैनीडांडा ब्लॉक प्रमुख प्रकीर्ण सिंह, उप ज्येष्ठ प्रमुख रेखा देवी, उप कनिष्ठ प्रमुख राजेंद्र पटवाल।

जयहरीखाल ब्लॉक प्रमुख रणबीर सिंह, उप ज्येष्ठ प्रमुख सुरेन्द्र सिंह, उप कनिष्ठ प्रमुख पूनम देवी।

द्वारीखाल ब्लॉक प्रमुख बीना राणा, उप ज्येष्ठ प्रमुख नीलम देवी, उप कनिष्ठ प्रमुख कौशल्या देवी।

यमकेश्वर ब्लॉक प्रमुख सीता चौहान, उप ज्येष्ठ प्रमुख स्वाति देवी, उप कनिष्ठ प्रमुख धर्मेंद्र सिंह।

पोखड़ा ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह नेगी, उप ज्येष्ठ प्रमुख प्रदीप सिंह, उप कनिष्ठ प्रमुख संजय सिंह बिष्ट।

एकेश्वर ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह, उप ज्येष्ठ प्रमुख मुकेश पांथरी, उप कनिष्ठ प्रमुख सुनीता देवी।

रिखणीखाल ब्लॉक प्रमुख रेनू रावत, उप ज्येष्ठ प्रमुख सुनीता देवी, उप कनिष्ठ प्रमुख निशा देवी।

बीरोंखाल ब्लॉक प्रमुख नेहा नेगी, उप ज्येष्ठ प्रमुख कुलदीप सिंह।

थलीसैंण ब्लॉक प्रमुख सुनीता देवी, उप ज्येष्ठ प्रमुख मनवर सिंह।

दुगड्डा ब्लॉक प्रमुख सूरज सिंह, उप ज्येष्ठ प्रमुख सुनील सिंह।





| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |
|---|---|---|---|
| अमर दीप सिंह रावत | मनोज पटवाल | अविनाश सिंह रावत | दीन मोहम्मद |
| मो0 9756505735 | मो0 9690538050 | मो0 9927094056 | मो0 9917007084 |






समस्त क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस और जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं





मनवर लाल भारती
प्रधानाचार्य
इण्टर कॉलेज पोखरी अजमीर
विकासखंड दुगड्डा, पौड़ी गढ़वाल

समस्त क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस और जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

सुरेन्द्र सिंह रावत
क्षेत्र पंचायत सदस्य गंगाऊं
विकासखण्ड थलीसैंण ,पौड़ी गढ़वाल

समस्त क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस और जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं




धीरज ढौंडियाल
क्षेत्र पंचायत सदस्य कांडई
पट्टी चोपड़ाकोट, थलीसैंण
पौड़ी गढ़वाल

समस्त क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस और जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं




बसन्त सिंह रावत
क्षेत्र पंचायत सदस्य
थापला पट्टी ढौंडियास्यूं पौड़ी गढ़वाल

# सम्पादकीय

## जान हथेली पर रख यात्रा

मौसम के बिगड़ते हुए मिजाज के बाद राज्य सरकार ने 14 अगस्त तक श्री केदार धाम यात्रा पर रोक लगाई है। केदारनाथ जाने वालों को निर्देश दिए गए हैं कि वह इन दिशा निर्देशों का पालन करें। यात्रा पर रोकथाम लगाने के बावजूद जिस प्रकार की हरकत सोनप्रयाग में देखने को मिली वह काफी चिंताजनक है और यहां श्रद्धालुओं को इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि यदि प्रशासन की ओर से उन्हीं की सुरक्षा के लिए कोई दिशा निर्देश जारी किए गए हैं तो उनका कठोरता से पालन किया जाए अन्यथा सुरक्षा एजेंसी को वही सब करना होगा जो उसे वक्त स्थिति के अनुसार किया गया। केदारनाथ जाने के लिए फिलहाल प्रशासन ने रोक लगाई है लेकिन भारी संख्या में यात्री सोनप्रयाग तक पहुंचे जिन्हें पुलिस ने बैरियर लगाकर रोकने की कोशिश की। यह लोग जबरन केदारनाथ जाने की जिद पर उतारू थे जिन्हें पुलिस ने शालीनता के साथ मौसम का हवाला देते हुए समझाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की यह नरम मिजाजी श्रद्धालुओं को रास नहीं आ रही थी। बैरियर पर चंद गिनती के पुलिसकर्मी थे और श्रद्धालुओं की संख्या धीरे–धीरे बढ़ रही थी। इन परिस्थितियों में श्रद्धालु और पुलिस के बीच लोगों की भारी ने बैरियर को तोड़ते हुए आगे निकलने की कोशिश की। इन परिस्थितियों में पुलिस के पास सिवाय कार्रवाई करने के अतिरिक्त और कुछ नहीं रह गया था पुलिस ने मौके पर लाठियां फटकारी जिस कारण श्रद्धालु इधर–उधर भागने लगे। कुछ ही देर में श्रद्धालुओं पर लाठीचार्ज का वीडियो वायरल होने लगा और पुलिस को गलत बताते हुए आलोचनाओं का दौर भी शुरू हो गया। जनपद पुलिस के लिए यह वाकई एक बेहद चिंता जनक व्यवस्था बन चुकी थी क्योंकि एक तरफ मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी व्यवस्थाओं को नियंत्रित करने के लिए जी जान से जुड़े हुए थे तो उधर अपनी जान की परवाह न करते हुए कुछ श्रद्धालु केदारनाथ जाने पर प्रतिबंध के बावजूद जिद ठाने बैठे थे। चूंकि 12 अगस्त से तीन दिनों के लिए केदारनाथ धाम यात्रा बन्द की गयी है। जिस क्रम में जनपद पुलिस के स्तर से श्री केदारनाथ धाम की यात्रा पर आ रहे यात्रियों को जनपद की पुलिस चौकी जवाड़ी से आगे न जाने तथा किसी न किसी प्रकार का बहाना बनाकर सोनप्रयाग तक पहुंचे यात्रियों को सोनप्रयाग से बिल्कुल भी आगे न जाने को बार बार कहा गया। सुरक्षा की दृष्टि से ही सोनप्रयाग पर बैरिकेडिंग भी लगायी गयी थी। केदारघाटी में हो रही अत्यधिक बारिश व कोहरे के कारण सम्पूर्ण मार्ग में काफी दिक्कतें आ रही हैं, जिस कारण केदारनाथ धाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत जगह–जगह रोका जा रहा है, तमाम कानून व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को दरकिनार कर कुछ लोग चोरी छिपे सोनप्रयाग तक पहुंचे। सभी यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को जो इस मौसम में उत्तराखंड आ रहे हैं अच्छी तरह से यह बात समझ लेनी चाहिए कि समूचे राज्य में बरसात के कारण चेतावनी जारी की गई है और किसी भी प्रकार की यात्रा को फिलहाल न करने की सलाह दी गई है। बिगड़ते मौसम एवं पहाड़ों से हो रहे भूस्खलन के कारण ही प्रशासन ने केदारनाथ यात्रा को 3 दिन के लिए प्रतिबंधित किया है लेकिन उसके बावजूद भी यदि यात्री सरकारी व्यवस्थाओं को दरकिनार कर रहे हैं तो ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करना पूरी तरह से न्यायोचित है। यहां कार्रवाई का उद्देश्य कोई पूर्वाग्रह नहीं बल्कि यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता पर रखना है। यह बाद यात्रियों को समझनी चाहिए और जब तक मौसम यात्रा के अनुकूल नहीं बन जाता तब तक समुचित व्यवस्था बनने तक प्रतीक्षा करनी चाहिए।

# दुखी जीवन में सुख की चाबी है कृष्ण

## हर परिस्थिति में संघर्ष सिखाता है भगवान कृष्ण का जीवन
## कृष्ण भगवान से मिलती है सदैव सत्य के साथ खड़े रहने की प्रेरणा



**लेखक, आचार्य रोहित कुमार लखेड़ा**

इस संसार में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति हो जिसके जीवन में दुख न हो। लेकिन, दुख में भी मुस्कुराना और सदैव सत्य के साथ खड़े रहने की प्रेरणा हमें भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से मिलती है। भगवान कृष्ण ने अपने जीवन में हर परिस्थिति का सामना धौर्य, प्रेम और बुद्धि से किया। चाहे महाभारत का युद्ध हो, मथुरा की राजनीति या अपने भक्तों की रक्षा। भगवान श्री कृष्ण ने हर जिम्मेदारी का हंसते-हंसते निर्वहन किया।

भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जीवन में अनेकों कठिनाइयों और दुखों को सहा। मथुरा में कंस के कारागाह में उनका जन्म हुआ। जन्म होते ही उन्हें अपनी मां देवकी से दूर होना पड़ा। गोकुल व वृंदावन में भी कंस ने पूतना, अघासुर, बकासुर जैसे कई असुरों को भेजकर श्रीकृष्ण को मरवाने का प्रयास किया। लेकिन, भगवान ने शक्ति और चातुर्य से न केवल स्वयं को बचाया बल्कि गोकुलवासियों की भी रक्षा की। इंद्रदेव के क्रोध से जब गोकुल में सात दिन लगातार वर्षा हुई, तब भी भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी सी ऊंगी पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर लोगों को सुरक्षित किया। भगवान श्रीकृष्ण ने गोकुल व वृंदावन में साधारण जीवन व्यतीत किया। कंस ने श्रीकृष्ण का वध करने के लिए रणनीति बनाई और अक्रूर जी को उन्हें मथुरा लाने के लिए भेजा। कंस मां देवकी व वसुदेव के समक्ष ही भगवान श्रीकृष्ण को मारना चाहते थे। वह बताना चाहता था कि तुमने अपने बेटे को बचाने के लिए लाख प्रयास किए। लेकिन, आज मैं तुम्हारे सामने ही उसका वध करने जा रहा हूं। भगवान श्रीकृष्ण ने भरी सभा में कंस को ही मौत के घाट उतार दिया। कंस के वध के बाद उसके ससुर जरासंध ने भगवान श्रीकृष्ण पर 17 बार आक्रमण किया। लेकिन, हर बार भगवान उसे हराकर भगा देते थे। 18वीं बार भगवान श्रीकृष्ण ने युद्ध से बचने के लिए द्वारक की ओर प्रस्थान किया, जिससे मथुरा की जनता सुरक्षित रह सके।

यही नहीं वृजवासियों से भी भगवान मिलने नहीं गए। लेकिन, वृजवासी सदैव भगवान की यादों में बसे रहे। भगवान को जन्म देने वाले मात-पिता, पालन पोषण करने वाले माता-पिता व प्रिय वृजवासियों से दूर रहना पड़ा। महाभारत के युद्ध में भगवान सत्य के साथ खड़े रहे और अर्जुन का सारथी बनकर पांडवों को विजय दिलवाई।

कुरुक्षेत्र की रणभूमि में अर्जुन को दिया गया गीता का संदेश आज हम सभी को नई राह दिखाता है। भगवान श्रीकृष्ण का पूरा जीवन उनके भक्तों के लिए प्रेरणादायक है।



### धर्म और कर्तव्य का पालन

**भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा मिलती है कि हमें हर परिस्थिति में अपने धर्म व कर्तव्य से पीछे नहीं हटना चाहिए। गोवर्धन पर्वत उठाने से लेकर महाभारत युद्ध तक उन्होंने हर समस्या का सामना धौर्य, बुद्धा, रणनीति व साहस से किया। महाभारत में शस्त्र नहीं उठाने के बाद भी उन्होंने पांडवों को युद्ध में विजयश्री दिलवा दी थी। उन्होंने संदेश दिया कि सही समय पर सही कदम उठाना चाहिए। केवल बल से नहीं बुद्धि से भी विजय पाई जा सकती है। कृष्ण कहते हैं जो मुझे प्रेम से स्मरण करता है, मैं सदैव उसके साथ हूं।**

# भाजपा पर वोटचोरी का आरोप

राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों के बाद अब विपक्ष के अन्य नेता भी खुल कर सामने आ रहे हैं। राकांपा (शरद पवार) अध्यक्ष शरद पवार ने दावा किया है कि 2024 के महाराष्ट्र चुनाव से ऐन पहले दो व्यक्तियों ने दिल्ली में उनसे मुलाकात की थी जिसमें 288 सीटों में से 160 में जीत की गारंटी दी थी। पवार ने यह खुलासा उस वक्त किया है जब राहुल गांधी निर्वाचन आयोग व भाजपा पर वोटचोरी का आरोप लगा रहे हैं। राहुल गांधी इसे संविधान के खिलाफ अपराध बोल चुके हैं। उन्होंने जनता का समर्थन जुटाने के लिए वोटचोरी नाम से पोर्टल भी लॉन्च किया है। राहुल ने संदेश दिया कि वोट हमारे लोकतंत्र की नींव है जिस पर भाजपा द्वारा सुनियोजित हमला किया जा रहा है और जिसमें चुनाव आयोग भी शामिल है। तीन राज्यों में इस कथित वोटचोरी के आरोपों पर कई दिनों से आयोग और राहुल के बीच नोक–झोंक चालू है। आयोग हस्ताक्षरित घोषणापत्र की मांग पर अड़ा है, जबकि राहुल अपने सार्वजनिक बयान को ही शपथ सरीखा बता रहे हैं। पच्चीस दलों ने राहुल का समर्थन कर राजनीतिक माहौल गरमा दिया है। संभव है कि ये दल देश भर में प्रदर्शन का ऐलान भी कर दें। भारतीय चुनाव प्रणाली को लेकर इस तरह का संदेह पहले कभी नहीं देखा गया। कांग्रेस के वरिष्ठ परंतु भाजपा की पक्षधरता करने वाले नेता शशि थरूर ने भी इस मामले में राहुल का समर्थन किया है। उन्होंने आयोग से अपना पक्ष स्पष्ट करने को कहा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने शिकायत पत्र पर कार्रवाई न होने का आरोप लगाया। उद्धव ठाकरे के दल ने भी बेहतरीन खोजी रिपोर्ट पेश करने पर कांग्रेस की पीठ थपथपाते हुए आयोग को जवाबदेह बताया। आयोग राहुल के आरोपों को झूठा कह कर माफी मांगने को कह रहा है जबकि उसको वोट चोरी के गंभीर आरोपों के दस्तावेज की मांग कर उचित कार्रवाई करते नजर आना चाहिए। राहुल या विपक्ष के आरोपों के गलत या सही होने का खुलासा भी आयोग को सार्वजनिक तौर पर करना होगा। यह जानने का भी प्रयास करना होगा पवार से मिलने वाले वे दो लोग कौन थे, जिन्होंने जीत की गारंटी दी थी। मामला अब मात्र वाकयुद्ध का नहीं रहा। संविधान और मतदाताओं के अधिकार को बचाने के प्रति आयोग को मुस्तैद होना होगा। वह स्वायत्त संस्था है।

# संघ नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच कुछ मतभेद हैं

**अजय दीक्षित**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आजकल कुछ संयत और चुप से हैं, विशेषकर भारतीय जनता पार्टी के मामलों को लेकर वे अटल बिहारी वाजपेई की राह पर चल पड़े हैं जब संघ प्रमुख स्व कुप्प सी सुदर्शन से उनके तत्कालीन सुरक्षा सलाहकार ब्रजेश मिश्र को लेकर मतभेद हो गया था।अबकी बार भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष को लेकर मतभेद उभर कर सामने आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत हम उम्र हो कर एक साथ प्रचारक बने हैं। नरेंद्र मोदी 1977 में विभाग प्रचारक हो गए थे। उसके बाद उन्हें जनसंघ में अहमदाबाद संगठन मंत्री बना दिया। मोहन भागवत ने राजनीति में जाने का प्रयास नहीं किया। मोहन भागवत ने ही संघ प्रमुख के रूप में तत्कालीन भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष राजनाथ सिंह को 2013 में गोवा अधिवेशन में 2014 में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार नरेंद्र मोदी को घोषित कर ने का आदेश दिया। हालांकि संघ के प्रमुख पदाधिकारी 2007 में मुख्यमंत्री रहते नरेंद मोदी से खुश नहीं थे क्योंकि गुजरात के मुख्यमंत्री रहते नरेंद्र मोदी बेलगाम थे। लेकिन मोहन भागवत के संघ प्रमुख बनने के बाद वे संघ की पसंद बने ।

संघ और भाजपा के रिश्तों पर नजर रखने वाले अरुण शौरी ने एक बार इंडियन एक्सप्रेस में 1999 में एक लेख लिखा था कि संघ अटल बिहारी वाजपेई से खुश नहीं हैं लेकिन संघ के समक्ष कोई रास्ता भी नहीं है क्योंकि तब अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री थे और वे कतई संघ के न तो पसंद थे न ही वह संघ के राम मंदिर, अनुच्छेद 370, कॉमन सिविल कोड की दिशा में कोई काम कर रहे थे बल्कि उन्होंने तो बकायदा सार्वजनिक रूप से कहा था कि वे एनडीए के प्रधानमंत्री मंत्री हैं। नरेंद्र मोदी ने भी अब अटलजी की राह पकड़ली है हालांकि 2024 से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संघ के प्रिय थे लेकिन 2024 में जैसे ही भारतीय जनता पार्टी की सीटे 303 से घटकर 240 पर आई वैसे ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख ने आपदा में अवसर ढूंढना शुरू कर दिया। संघ ने यह पहली बार नहीं किया बल्कि 2009 में लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में लोकसभा चुनावों में 132 सीटे रह जाने पर आडवाणी को हटा ने का फैसला किया और मौका पाकर पाकिस्तान में जिन्ना की मजार जो उन्होंने कहा उसे घोर निंदा का विषय बनाया और संघ ने बकायदा लालकृष्ण आडवाणी के वक्तव्य से अपनी विचार धारा को अलग कर लिया। परिणाम स्वरूप लालकृष्ण आडवाणी को नेताप्रतिपक्ष पद छोड़ना पड़ा और सुषमा स्वराज ने पद सम्हाला। लेकिन संघ ने 2013 तत्कालीन अध्यक्ष राजनाथ सिंह को बकायदा हुक्म दिया कि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया जाय। राजनाथ सिंह ने ऐसा ही किया। अगर संघ और भाजपा के रिश्तों की समीक्षा की जाए तो एक पुस्तक लिखी जा सकती है।इस दृश्य को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिया है।संघ मामलों के जानकार सुब्रह्मण्यम स्वामी ने कहा है कि मोदी संघ के कभी पसंद नहीं रहे उन्हें तो अटलजी ने मुख्यमंत्री बनाया और पोषित किया लाल कृष्ण आडवाणी ने। कहा जाता है कि आडवाणी ने गुजरात दंगों के समय अटल बिहारी वाजपेई को नरेंद्र मोदी से इस्तीफा न लेने के लिए मनाया। लेकिन उस समय संघ हिन्दू विचारधारा के कारण साथ था। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को सोनिया गांधी द्वारा प्रताड़ित करने पर संघ ने नरेंद्र मोदी का साथ दिया। अब बात करते वर्तमान समय की राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ हमेशा भारतीय जनता पार्टी में गहरी दखल रखता है क्योंकि लगभग भाजपा नेता संघ से ही आए हैं जिनमें राजनाथ सिंह, अमित शाह,जेपी नड्डा, धर्मेंद प्रधान, मनोहरलाल कट्टर, और लगभग एक दो छोड़कर सभी, निर्मला सीतारमण, एस जयशंकर, अश्वनी वैष्णव, ।सहित सभी मुख्यमंत्री, हेमंत शर्मा को छोड़कर,यहां तक कि कार्यकर्ता भी संघ के ही है। संघ में यह परिपाटी दीनदयाल उपाध्याय से चली आ रही है तत्कालीन संघ प्रमुख गुरु गोलवलकर ने उन्हें राजनीतिक दल बनाने का काम दिया था। उसके बाद 1954 से अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी, सुंदर सिंह भंडारी, मदनलाल खुराना, कृष्ण चंद्र शर्मा को , संघ जनसंघ भजा। अब संकट यह है कि संघ चाहता है कि पार्टी अध्यक्ष पद पर ऐसा व्यक्ति बैठे जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह से पूछताछ कर सके।जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता दो केंद्र नहीं बनना देना चाहते हैं। इसी लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुप और संयत हैं और दूर से खेल को देख रहे हैं। हालांकि दत्तात्रेय होसबोले से उन्होंने अपनी इच्छा जाहिर कर दी है।



# आज़ादी का पर्व

तिरंगा लहराए नभ में ऊँचा,
हर दिल में उमंग जगाए।
स्वतंत्रता के इस पर्व पर,
वीरों की गाथा गाए।
लहू से लिखी कहानी है,
बलिदानों का यह उपहार।
सदियों की तप, संघर्ष से,
मिली हमें स्वतंत्रता अपार।
गूँजे राष्ट्रगान की धुन,
हर आँगन में दीप जले।
एकता, भाईचारा लेकर,
हम सब संग आगे बढ़ें।
देश की मिट्टी का कण–कण,
हमको देता है संदेश।
मेहनत, सेवा, सत्य के रस्ते,
बनाएँ भारत विशेष।
आओ प्रतिज्ञा लें मिलकर,
सींचेंगे हम यह गुलशन।
भारत होगा जग में अग्रणी,
सदा रहे उसका वंदन।

**स्वरचित कविता**
**—सुनील सिंह पंवार**

# बागी 4 से तमाम सितारों की पहली झलक आई सामने




अभिनेता टाइगर श्रॉफ जल्द ही फिल्म बागी 4 में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान ए हर्ष ने संभाली है। उन्हें भजरंगी और वेधा जैसी कन्नड़ फिल्मों के लिए जाना जाता है, वहीं साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म के निर्माता हैं। बागी 4 में टाइगर के अलावा संजय दत्त, हरनाज संधू और सोनम बावजा जैसे कलाकार भी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। अब बागी 4 से तमाम सितारों की पहली झलक सामने आ गई है।

सामने आए पोस्टर में संजय का खूंखार अवतार दिख रहा है, वहीं टाइगर भी खून से लथपथ नजर दिख रहे हैं। नशे में धुत्त वह एक्शन मोड में नजर आए। इसके अलावा हरनाज और सोनम पर का भी धांसू अवतार दिख रहा है। बागी 4 का ट्रेलर पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसमें टाइगर और संजय के बीच जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिली। बता दें कि बागी 4 को 5 सितंबर, 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

कन्नड़ स्टार हर्ष की निर्देशित बागी 4 एक बिल्कुल नए दमदार एक्शन सीन, हिंसा और गुस्से से सराबोर रोमांस का वादा करती है. कन्नड़ स्टार हर्ष अपनी काइनेटिक कोरियोग्राफी और भजरंगी जैसी एक्शन फिल्मों के लिए जाने जाते हैं.टाइगर श्रॉफ अब तक के अपने सबसे क्रूर अवतार में रॉनी के रूप में लौट रहे हैं. यह बदले की आग से भरा है, हथियारों से लैस है, और ऐसा क्रोध है कि दुश्मन की सांस रोक दें. 1 मिनट और 49 सेकंड के टीजर में टाइगर श्रॉफ, संजय दत्त, सोनम बाजवा और हरनाज संधू हिंसक अवतार में नजर आए हैं. उनके साथ हरनाज संधू और सोनम बाजवा भी हैं, जो एक ऐसे किरदार में हैं जिसे आपने कभी नहीं देखा है.

टाइगर श्रॉफ अभिनीत इस फिल्म को सेंसर बोर्ड से ए सर्टिफिकेट मिला है, क्योंकि इसमें खून–खराबा और हिंसा का तड़का लगा है. फिल्म के टीजर में काफी खून–खराबा दिखाया गया है. वही, एक सीन में संजय का किरदार कटे हुए हाथ से सिगार जलाता है. टीजर में संजय दत्त का किरदार रोंगटे खड़े कर देने वाला है. उनकी स्क्रीन उपस्थिति जबरदस्त है, और उनका पागलपन काफी हिंसक है.

### ओलंपिक पदक विजेता पूर्व हॉकी खिलाड़ी और लिएंडर पेस के पिता वेस पेस का हुआ निधन

नईदिल्ली,पूर्व हॉकी खिलाड़ी और महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस के पिता डॉक्टर वेस पेस का 80 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह पिछले कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारी से पीड़ित थे। खबरों के मुताबिक, उन्हें मंगलवार की सुबह कोलकाता के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दिलचस्प रूप से वेस भारत की ओलंपिक पदक विजेता हॉकी टीम के भी सदस्य रहे थे। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं। भारतीय हॉकी टीम ने 1972 में म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था और वेस भी उन वैश्विक खेलों में भारत के मिडफील्डर के तौर पर खेले थे। हॉकी के अलावा, उन्होंने डिवीजनल क्रिकेट, फुटबॉल और रग्बी खेलकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया था। रग्बी के प्रति उनके जुनून ने उन्हें 1996 से 2002 तक भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित किया था।

# स्कॉट बोलैंड ने कहा– एशेज 2023 के मुकाबले अब मैं बेहतर गेंदबाज हूं

नईदिल्ली, एशेज सीरीज 2023 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत के दौरान स्कॉट बोलैंड को सिर्फ 2 टेस्ट में मौका मिला था और वे 2 विकेट ले पाए। इंग्लैंड में हुई 2–2 की बराबरी वाली सीरीज में मिचेल स्टार्क (23 विकेट), पैट कमिंस (18) और जोश हेजलवुड (16) का दबदबा रहा था। उस सीरीज के बाद बोलैंड ने 4 टेस्ट में 27 विकेट झटके हैं। उन कठिन दिनों को याद कर 36 वर्षीय बोलैंड ने अब बड़ा बयान दिया है।

एशेज 2023 की तुलना में खुद को बेहतर गेंदबाज मानते हुए बोलैंड ने कहा, उम्र बढ़ने के बावजूद मेरे कौशल में निखार आया है। करियर के अंतिम चरण में होने के बावजूद मैं अब भी सीख रहा हूं कि मुझे कैसे अपना 100 फीसदी प्रदर्शन देना है। इंग्लैंड में कई बार उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन विकेट नहीं मिले। हालांकि, अब वे पहले से बेहतर गेंदबाज हैं और अगली एशेज ऐसी परिस्थितियों में होगी जिन्हें वे भली–भांति जानते हैं। बोलैंड ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड (रोनी) ने उन्हें चुनौती तो नहीं दी, लेकिन पूछा कि क्या ऐसा कुछ है जिससे उनका शरीर पूरे समय सर्वश्रेष्ठ स्तर पर रह सके। बोलैंड ने कहा कि उनका लक्ष्य बस आगे बढ़ते रहना है और जितना संभव हो सके, लंबे समय तक अपने शरीर को बेहतरीन स्थिति में बनाए रखना है। ताकि वे लगातार उच्च स्तर का प्रदर्शन कर सकें और टीम के लिए योगदान देते रहें।



बोलैंड ने 4 तेज गेंदबाजों के साथ खेलने की संभावना पर कहा, ऐसा हो सकता है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में शायद नहीं हो। नाथन लियोन दुनिया के बेहतरीन स्पिनरों में से हैं जो किसी भी परिस्थिति में गेंदबाजी कर सकते हैं और पिछले कुछ सालों से हमारी गेंदबाजी का सहारा हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर सैयारा चौथे सप्ताह में भी मचा रही धमाल

अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म सैयारा पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई कर रही है। इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 25 दिन पूरे हो गए हैं और यह 320 करोड़ रुपये से चंद कदम दूर है। इस फिल्म को उम्मीद से कहीं ज्यादा सफलता मिली है, जिसके बारे में खुद निर्माता–निर्देशक ने नहीं सोचा होगा। आइए बताते हैं सैयारा ने 25वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, सैयारा ने अपनी रिलीज के 25वें दिन यानी चौथे सोमवार को 1.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 319.85 करोड़ रुपये हो गया है। देश में ही नहीं, बल्कि विदेश में सैयारा का भी खूब डंका बज रहा है। दुनियाभर में इस फिल्म ने अब तक 531 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है। सैयारा का बजट 45 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। अजय देवगन और मृणाल ठाकुर की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 का बॉक्स ऑफिस पर हाल बेहल है। यह फिल्म सिनेमाघरों में अपनी आखिरी सांसे गिनती नजर आ रही हैं।



### फिल्म मास जथारा का टीज़र जारी, बदन पर खाकी वर्दी

साउथ स्टार रवि तेजा की एक्शन फिल्म मास जथारा का टीजर मेकर्स ने जारी कर दिया गया है. यह रवि तेजा के फैंस की उम्मीदों पर खरा उतरता है. इस फिल्म में वह साउथ की खूबसूरत हसीना श्रीलीला के साथ नजर आएंगे. एक्टर रवि तेजा ने मास जथारा के एक पोस्टर के साथ फिल्म का टीजर जारी किया है. उन्होंने इसे फुल मील्स मास एंटरटेनर बताया है. टीजर को इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए रवि ने कैप्शन में लिखा है, इस बार एक भरपूर सामूहिक मनोरंजन भोज परोसा जा रहा है. मास जथारा के टीजर का आनंद लें. 27 अगस्त को सिनेमाघरों में मिलते हैं. 1 मिनट 35 सेकंड के इस टीजर में रवि तेजा रेलवे पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आए हैं.

# ओलंपिक पदक विजेता पूर्व हॉकी खिलाड़ी और लिएंडर पेस के पिता वेस पेस का हुआ निधन

नईदिल्ली, पूर्व हॉकी खिलाड़ी और महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस के पिता डॉक्टर वेस पेस का 80 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह पिछले कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारी से पीड़ित थे। खबरों के मुताबिक, उन्हें मंगलवार की सुबह कोलकाता के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दिलचस्प रूप से वेस भारत की ओलंपिक पदक विजेता हॉकी टीम के भी सदस्य रहे थे। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं।

भारतीय हॉकी टीम ने 1972 में म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था और वेस भी उन वैश्विक खेलों में भारत के मिडफील्डर के तौर पर खेले थे। हॉकी के अलावा, उन्होंने डिवीजनल क्रिकेट, फुटबॉल और रग्बी खेलकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया था। रग्बी के प्रति उनके जुनून ने उन्हें 1996 से 2002 तक भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित किया था।

वेस अपने हॉकी करियर के बाद खेल चिकित्सक भी रहे थे। उन्होंने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) और बीसीसीआई के साथ डोपिंग रोधी शिक्षा कार्यक्रमों पर भी काम किया था। 2004 में एथेंस ओलंपिक वह भारतीय खिलाड़ियों के दल के साथ डॉक्टर के रूप में मौजूद थे। वेस कलकत्ता क्रिकेट और फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष के रूप में भी काम कर चुके थे, जो दुनिया के सबसे पुराने खेल क्लबों में से एक है।

वेस के अलावा लिएंडर भी ओलंपिक पदक जीतने में सफल रहे थे। महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर अटलांटा में 1996 के ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने फर्नांडो मेलिगानी को हराकर पुरुष एकल वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया था। वह पहलवान केडी जाधव के बाद व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय बने थे। बता दें जाधव ने 1952 में हेलसिंकी ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था।



## एक नजर

### भोपाल की फार्मा फैक्ट्री में क्लोरीन गैस का रिसाव, कई लोगों को सांस लेने में तकलीफ; इलाके में हड़कंप

भोपाल ,मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से बुधवार दोपहर एक बड़ी खबर सामने आई। यहां के गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित हिंद फार्मा फैक्ट्री में क्लोरीन गैस का रिसाव हो गया, जिसके बाद इलाके में अफरा–तफरी मच गई। फैक्ट्री के केमिकल स्टोर से लीक हुई गैस तेजी से आसपास के इलाके में फैल गई, जिससे कई लोगों को आंखों में तेज जलन और सांस लेने में गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ा।

प्रारंभिक जांच में गैस रिसाव का कारण फैक्ट्री परिसर में रखे कचरे में आग लगना बताया जा रहा है। आग की वजह से केमिकल स्टोर में रखी क्लोरीन गैस का रिसाव शुरू हो गया। घटना की सूचना मिलते ही गोविंदपुरा एसडीएम रवीश कुमार श्रीवास्तव, एसडीईआरएफ की टीम, नगर निगम की फायर ब्रिगेड, पुलिस बल और बिजली विभाग का अमला तुरंत मौके पर पहुंचा।राहत और बचाव कार्य में जुटी टीम ने गैस के प्रभाव को खत्म करने के लिए कास्टिक सोडे का छिड़काव किया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद क्लोरीन गैस को न्यूट्रल कर स्थिति को पूरी तरह से नियंत्रण में कर लिया गया। प्रशासन ने फिलहाल लोगों से सावधानी बरतने और कुछ समय के लिए फैक्ट्री के आसपास के क्षेत्र में जाने से बचने की अपील की है।

### पुतिन से मुलाकात से पहले ट्रंप हुए नरम, रूस पर लगे प्रतिबंधों में दी अस्थायी छूट

एंकोरेज , अमेरिकी वित्त विभाग ने रूस पर लगे कुछ प्रतिबंधों में अस्थायी छूट दी है, ताकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच 15 अगस्त को अलास्का के एंकोरेज में होने वाली शिखर वार्ता की तैयारियों में सहूलियत हो।

यह घोषणा ट्रेजरी के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने की। यह छूट 20 अगस्त तक प्रभावी रहेगी और इसमें वे लेन–देन शामिल हैं जो इस बैठक के आयोजन के लिए जरूरी हैं। हालांकि, यह किसी भी अवरुद्ध संपत्ति को मुक्त करने की अनुमति नहीं देता। इस शिखर सम्मेलन में यूक्रेन–रूस संघर्ष और अमेरिका–रूस के बीच द्विपक्षीय संबंधों जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी।रूसी मीडिया हाउस रशिया टुडे के अनुसार, ट्रंप ने इस बैठक को एक अनुभव–आधारित मुलाकात बताया है, जो यूक्रेन संकट के समाधान की दिशा में उनकी रणनीति को स्पष्ट करने में मदद करेगी। दूसरी ओर, रूस के उप–विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने कहा कि मॉस्को इस वार्ता को दोनों देशों के तनावपूर्ण संबंधों को बेहतर बनाने का अवसर मानता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मुलाकात भविष्य में द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएगी। उनके मुताबिक, वाशिंगटन और मॉस्को दोनों ने इस बैठक से तत्काल किसी बड़े समझौते की उम्मीद को कम करके आंका है। यह शिखर सम्मेलन संभवतः भविष्य की वार्ताओं की नींव रखेगा।ट्रंप ने पहले कहा था कि वह पुतिन के साथ इस मुलाकात में यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की दिशा में ठोस कदम उठाना चाहते हैं। इस बैठक में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के शामिल होने की संभावना को लेकर भी चर्चा हो रही है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई है। यह आयोजन वैश्विक कूटनीति में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है, जो क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की दिशा में नई संभावनाएं खोल सकता है।

### दिल्ली और उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में भारी बारिश से मुसीबत बढ़ी, अलर्ट जारी

नईदिल्ली,दिल्ली समेत पूरे भारत में मानसून पूरी तरह पैठ बना चुका है। लगातार हो रही बारिश से इलाकों में जलभराव की समस्या हो रही है। बारिश 15 अगस्त की छुट्टी के साथ ही लंबे वीकेंड प्लान को भी चौपट कर सकता है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को दिल्ली–एनसीआर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में 20 अगस्त तक तेज बारिश की संभावना है। हालांकि, रेल और हवाई सेवाओं पर असर नहीं दिखा है।

दिल्ली में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले कई प्रमुख इलाके पानी में डूब गए और कई अंडरपास पानी से लबालब भर गया। लाजपत नगर, आरके पुरम, लोधी रोड और दिल्ली–हरियाणा सीमा सहित क्षेत्रों में भारी बारिश हुई है। दिल्ली में सुब्रतो पार्क के पास आउटर रिंग रोड, पटपड़गंज और गुरुग्राम में बसई रोड पर भी सड़कों पर पानी भर गया। दिल्ली में यमुना का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है। यहां सुबह से बारिश जारी है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत कई जिलों में बुधवार से बारिश हो रही है,

# पंचायतों के लिए एआई बूस्ट : केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह 'सभासार टूल करेंगे लॉन्च



नई दिल्ली ,पंचायती राज मंत्रालय (एमओपीआर) की ओर से गुरुवार को दी गई जानकारी के अनुसार, एमओपीआर ग्राम सभा या अन्य पंचायत बैठकों की ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग से स्ट्रक्चर्ड मिनट्स ऑफ मीटिंग (एमओएम) ऑटोमेटिकली जनरेट करने के लिए एक एआई ड्रिवन टूल को लॉन्च करने जा रहा है।

एमओपीआर नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह और केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल की उपस्थिति में एआई–पावर्ड मीटिंग समराइजेशन टूल 'सभासारइ लॉन्च करेगा।

मंत्रालय के अनुसार, 'सभासारइ एडवांस एआई और नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग (एनएलपी) तकनीकों का उपयोग कर मौखिक चर्चाओं को ट्रांसक्राइब करता है, प्रमुख निर्णयों और कार्य बिंदुओं की पहचान करता है और सुव्यवस्थित बैठक विवरण तैयार करता है। सरकार के राष्ट्रीय भाषा अनुवाद मिशन 'भाषिणीइ के साथ इंटीग्रेटेड यह टूल वर्तमान में 13 भारतीय भाषाओं का समर्थन करता है, जिससे विभिन्न भाषाई पृष्ठभूमि वाले पंचायत पदाधिकारियों के लिए समावेशिता और पहुंच सुनिश्चित होती है। इसके अलावा, भविष्य में समर्थित भाषाओं की संख्या भी धीरे–धीरे बढ़ाई जाएगी।

पंचायती राज मंत्रालय ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से 15 अगस्त, 2025 को स्पेशल ग्राम सभा के लिए मिनट्स ऑफ मीटिंग जनरेट करने के लिए सभासार टूल का इस्तेमाल करने का आग्रह किया है। पहले कदम के रूप में, त्रिपुरा की सभी 1,194 ग्राम पंचायतें (पारंपरिक स्थानीय निकायों सहित) इन इन स्पेशल ग्राम सभा के लिए मिनट्स जनरेट करने के लिए इस टूल का इस्तेमाल करेंगी।

सभासार एक ऐसी पहल है जो सहभागी लोकतंत्र को मजबूत करने और स्थानीय शासन में दक्षता बढ़ाने के लिए डिजिटल इनोवेशन का इस्तेमाल करती है। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, मैन्युअल डॉक्यूमेंटेशन के लिए आवश्यक समय और प्रयास को कम कर सभासार पंचायत अधिकारियों को पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए शासन और सेवा वितरण पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम बनाता है।

हाल ही में, सुपरहिट स्ट्रीमिंग शो 'पंचायत के निर्माताओं ने अपने रेखाचित्रों के माध्यम से ग्रामीण विकास को चित्रित करने के लिए पंचायती राज मंत्रालय के साथ हाथ मिलाया।

### मौत के पीछे भागता युवक! 24 घंटे में दो बार खुदकुशी की कोशिश

संबलपुर ,ओडिशा के संबलपुर जिले में स्थित वीर सुरेंद्र साई इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां इलाज के लिए भर्ती एक युवक ने अस्पताल की इमारत से कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। यह 24 घंटे के भीतर उसकी खुदकुशी की दूसरी कोशिश थी। इससे पहले उसने घर पर अपना गला रेत लिया था। गनीमत रही कि दोनों ही बार अस्पताल के स्टाफ और लोगों की सतर्कता के कारण उसकी जान बच गई। जानकारी के मुताबिक, यह मामला बरगढ़ जिले के भाटिगांव निवासी 29 वर्षीय सुबीर सिर्दार का है। सुबीर ने मंगलवार रात किसी धारदार हथियार से अपना गला काट लिया था। गंभीर हालत में परिजनों ने उसे पहले बरगढ़ जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसकी हालत और बिगड़ने पर डॉक्टरों ने तड़के उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

### पिस्टल, ब्लैकमेलिंग और 20 लाख का खेल...

## ट्यूशन कांड में पीड़िता ने किया सनसनीखेज खुलासा; सुनकर पुलिस भी हैरान

जयनगर , बिहार के मधुबनी जिले के जयनगर स्थित एक निजी कोचिंग संस्थान में शिक्षक द्वारा छात्रा से की गई अश्लील हरकत का वीडियो वायरल होने के मामले में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसे ब्लैकमेलिंग के लिए पिस्तौल के दम पर शिक्षक का वीडियो बनाने के लिए मजबूर किया गया था। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर शिक्षक समेत तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जयनगर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और गहन अनुसंधान किया जा रहा है। पीड़िता ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया है कि वह राकेश कुमार यादव नामक शिक्षक के कोचिंग में पढ़ती थी, जो अक्सर उसे अकेला पाकर छेड़खानी करता था। पीड़िता ने डर के कारण यह बात किसी को नहीं बताई थी।

छात्रा ने आरोप लगाया कि इसी बीच कोचिंग संस्थान के मकान मालिक कुलदीप सिंह और कमलाबाड़ी निवासी सोनू चौधरी ने भी उसके साथ छेड़खानी की। दोनों ने उस पर दबाव बनाया कि वह शिक्षक राकेश यादव का वीडियो बनाए ताकि उससे 20 लाख रुपये वसूले जा सकें। पीड़िता के अनुसार, लगभग बीस दिन पहले जब वह कोचिंग से घर जा रही थी, तो मकान मालिक कुलदीप सिंह और सोनू चौधरी ने उसे रोक लिया। उन्होंने उस पर पिस्तौल तान दी और धमकी दी कि आज तुम शिक्षक का वीडियो बनाओ, नहीं तो तुम्हें जान से मार देंगे। डरकर छात्रा ने कमरे में जाकर अपने मोबाइल का वीडियो रिकॉर्डर ऑन कर दिया।

# जमीनी हकीकत पर विचार करने की जरूरत


### –जम्मू–कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा

नई दिल्ली,जम्मू–कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि जमीनी हकीकत को ध्यान में रखना होगा. साथ ही पहलगाम में जो हुआ है उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. भारत के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, आपको जमीनी हकीकत को भी ध्यान में रखना होगा. पहलगाम में जो हुआ है उसे आप नजरअंदाज नहीं कर सकते. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ से इस मामले की सुनवाई आठ हफ्ते बाद करने का अनुरोध किया. पीठ आठ हफ्ते बाद मामले की सुनवाई के लिए सहमत हो गई.सुनवाई के दौरान मेहता ने कहा कि जम्मू–कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं, लेकिन देश के इस हिस्से से अजीबोगरीब हालात सामने आ रहे हैं. मेहता ने कहा, निर्णय लेने की प्रक्रिया में कई बातों पर विचार किया जाता है और मुझे नहीं लगता कि इस समय इस पर कोई फैसला लिया जाएगा. मुझे नहीं पता कि इस मुद्दे को क्यों उठाया जा रहा है, लेकिन आठ हफ्ते बाद इस पर सुनवाई होगी और मैं निर्देश लूँगा. मेहता ने कहा कि यह विशेष चरण पानी को गंदा करने का सही चरण नहीं है. पीठ ने मेहता से संविधान पीठ द्वारा राष्ट्रपति के संदर्भ पर सुनवाई के बाद सरकार का जवाब दाखिल करने को कहा. एक वकील ने जम्मू–कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के लिए सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय को दिए गए आश्वासन की ओर इशारा किया.

### कोलकाता पोर्ट व हल्दिया बर्थ के बीच 343.58 करोड़ का करार

कोलकाता ।श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता (एसएमपीके) ने हल्दिया डॉक कॉम्पलेक्स के बर्थ नंबर 5 के मशीनीकरण के लिए गंगा बल्क टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (जीबीटीपीएल) के साथ 343.58 करोड़ की पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) परियोजना को मंजूरी दी है। यह परियोजना माल ढुलाई की क्षमता बढ़ाने और बंदरगाह संचालन को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। आज अधिकारी ने बताया, यह परियोजना डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और अंतरण (डीबीएफओटी) मॉडल पर विकसित की जाएगी। इसके तहत बर्थ को सालाना पांच मिलियन मीट्रिक टन ड्राई बल्क कार्गो संभालने की क्षमता से लैस किया जाएगा। परियोजना को दिसंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जीबीटीपीएल इसमें 343.58 करोड़ का निवेश करेगा, जबकि सरकार आंतरिक और अतिरिक्त बजटीय संसाधनों से 22.30 करोड़ उपलब्ध कराएगी। एसएमपीके के चेयरमैन रथेंद्र रमन ने कहा कि इस परियोजना से बंदरगाह की परिचालन क्षमता बढ़ेगी और पूर्वी भारत की समुद्री व्यापार में भूमिका और मजबूत होगी। बंदरगाह अधिकारियों के मुताबिक, मशीनीकरण से जहाजों के ठहराव का समय घटेगा, माल लोडिंग–अनलोडिंग की गति बढ़ेगी और क्षेत्र के बंदरगाह क्षेत्र को लंबे समय तक आर्थिक लाभ मिलेगा।

# स्वतंत्रता दिवस पर अलग–अलग विभागों के 1090 कर्मियों को वीरता और सेवा पदक सम्मान



नई दिल्ली , गृह मंत्रालय ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस, अग्निशमन सेवा, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा, तथा सुधार सेवाओं के लिए पदक प्राप्तकर्ताओं की आधिकारिक सूची जारी कर दी गई। इन सम्मानों में वीरता पुरस्कार, विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवा पदक शामिल हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी सूची के अनुसार, इस साल कुल 1,090 पदक प्रदान किए जाएंगे, जिनमें 233 वीरता पदक, 99 विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और 758 सराहनीय सेवा पदक शामिल हैं। पुलिस श्रेणी में 226 अधिकारियों और कर्मियों को वीरता पदक के लिए चुना गया है, 89 को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जाएगा और 635 को सराहनीय सेवा पदक प्रदान किया जाएगा।

सबसे अधिक वीरता पदक जम्मू–कश्मीर के कर्मियों को मिले हैं, इसके बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कर्मियों को मिले हैं। अग्निशमन सेवाओं के लिए 62 पुरस्कारों की घोषणा की गई है, जिनमें छह वीरता पदक, 5 विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और 51 सराहनीय सेवा पदक शामिल हैं। होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा श्रेणी में, सम्मानों में एक वीरता पदक, तीन विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और 41 सराहनीय सेवा पदक शामिल होंगे।

सुधारात्मक सेवाओं के लिए, दो अधिकारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जाएगा, जबकि 31 को सराहनीय सेवा पदक प्रदान किया जाएगा।

वीरता पदक ऐसे कर्मियों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने जीवन और संपत्ति की रक्षा, अपराध को रोकने या अपराधियों को पकड़ने के दौरान असाधारण साहस और वीरता का प्रदर्शन किया है। इसमें संबंधित अधिकारी के दायित्वों और कर्तव्यों को ध्यान में रखते हुए जोखिम का आकलन किया जाता है। इस बार प्रदान किए गए 233 वीरता पदकों में 226 पुलिसकर्मियों के अलावा 6 अग्निशमन सेवा के कर्मी और एक होम गार्ड शामिल हैं।

इन वीरता पुरस्कारों में से 152 जम्मू–कश्मीर क्षेत्र, 54 वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों, 3 पूर्वोत्तर भारत और 24 अन्य क्षेत्रों के कर्मियों को उनके साहसिक कार्य के लिए सम्मान मिल रहा है।

सेवा पदकों की बात करें तो, राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक उन कर्मियों को दिया जाता है जिनका सेवा रिकॉर्ड विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है, जबकि सराहनीय सेवा पदक संसाधन और कर्तव्य के प्रति समर्पण से युक्त बहुमूल्य सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।

# जेडीयू एमएलसी दिनेश सिंह के पास हैं दो वोटर आईडी : तेजस्वी यादव



पटना , बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने जेडीयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी माने जाने वाले विधान पार्षद (एमएलसी) दिनेश सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए चुनावी फर्जीवाड़े का खुलासा किया है। तेजस्वी ने दावा किया कि जदयू एमएलसी के पास दो अलग–अलग एपिक आईडी है। तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में यह खुलासा किया। उन्होंने पोस्ट में कहा कि दिनेश सिंह के पास दो एपिक आईडी हैं– आरईएम0933267 और यूटीओ1134527। आरोप है कि इन दोनों आईडी के जरिए उनके नाम पर दो अलग–अलग जिलों के, दो अलग–अलग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों और दो अलग–अलग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में वोट दर्ज हैं। तेजस्वी यादव के दावे के अनुसार, मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान उन्होंने दो अलग–अलग गणना फॉर्म भरे और दोनों पर अलग–अलग हस्ताक्षर किए। सवाल यह भी उठाया गया कि क्या इन दोनों फॉर्म पर चुनाव आयोग के अधिकारियों ने यह प्रमाणित किया कि हस्ताक्षर खुद दिनेश सिंह ने किए हैं? नेता प्रतिपक्ष ने यह भी पूछा कि चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित नई ड्राफ्ट सूची में एक ही व्यक्ति के नाम पर दो एपिक कार्ड और अलग–अलग क्षेत्रों में दो वोट कैसे दर्ज हो गए? तेजस्वी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के खास होने के कारण चुनाव आयोग ने जानबूझकर यह गड़बड़ी होने दी। उन्होंने यह भी दावा किया कि दिनेश सिंह की पत्नी और वैशाली से सांसद वीणा देवी के पास भी दो अलग–अलग वोट और एपिक आईडी हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह चुनाव आयोग द्वारा एनडीए को फायदा पहुंचाने के लिए की गई चुनावी धांधली नहीं है?

### न्यूटाउन और पार्क स्ट्रीट में ईडी की छापेमारी

कोलकाता ।अब तो आमजन लगे हैं कि लगता है कि ईडी ने बंगाल में अपना स्थायी डेरा बना लिया है। एसएससी भर्ती भ्रष्टाचार मामले में ईडी ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने संदिग्ध संपत्तियों की तलाश में न्यूटाउन स्थित एक आलीशान आवास और कोलकाता के पार्क स्ट्रीट स्थित एक कार्यालय पर छापेमारी की।

ईडी का दावा है कि यह संपत्ति एसएससी भर्ती भ्रष्टाचार से अर्जित करोड़ों रुपये से खरीदी गई थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय जांच एजेंसी लंबे समय से इस मामले से जुड़े वित्तीय लेन–देन और संपत्ति खरीद की जांच कर रही है। आज सुबह ईडी अधिकारियों की एक टीम न्यूटाउन स्थित आवास पर पहुंची। यहां कुल 16 आलीशान विला हैं, जिनके एसएससी भर्ती भ्रष्टाचार के पैसे से खरीदे जाने का संदेह है।

# छात्रा ने गवर्नर के हाथों डिग्री लेने से किया इन्कार, नहीं खिंचवाई तस्वीर

तिरुनेलवेली ,तमिलनाडु की मनोनमनियम सुंदरनार यूनिवर्सिटी के 32वें दीक्षांत समारोह में उस वक्त असहज स्थिति पैदा हो गई, जब एक पीएचडी स्कॉलर छात्रा ने मंच पर राज्यपाल आरएन रवि के हाथों अपनी डिग्री लेने से साफ इनकार कर दिया। छात्रा ने अपना विरोध जताते हुए राज्यपाल की बजाय विश्वविद्यालय के कुलपति (वाइस चांसलर) एन. चंद्रशेखर से डिग्री ग्रहण की। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। नागरकोइल की रहने वाली पीएचडी स्कॉलर जीन जोसेफ ने डिग्री लेने के बाद पत्रकारों से कहा, चूंकि राज्यपाल तमिलनाडु और तमिलों के खिलाफ काम कर रहे हैं, इसलिए मैं उनसे डिग्री नहीं लेना चाहती थी। इसके बजाय, मैंने कुलपति से अपनी पीएचडी की डिग्री ली। वायरल हो रहे वीडियो में साफ दिख रहा है कि जीन जोसेफ डिग्री लेने के लिए मंच पर जाती हैं। राज्यपाल आरएन रवि उन्हें तस्वीर खिंचवाने के लिए हाथ से इशारा करते हैं, लेकिन वह उन्हें नजरअंदाज कर आगे बढ़ जाती हैं और कुलपति के पास जाकर अपनी डिग्री और तस्वीर लेती हैं। इस घटना ने अब राजनीतिक रंग ले लिया है। गौरतलब है कि राज्यपाल आरएन रवि और तमिलनाडु की डीएमके सरकार के बीच रिश्ते अक्सर तनावपूर्ण रहे हैं। अतीत में राज्यपाल ने राज्य सरकार द्वारा पारित कई महत्वपूर्ण बिलों को लंबे समय तक रोके रखा था, जिसके खिलाफ राज्य सरकार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा था।इसी साल अप्रैल महीने में भी राज्यपाल आरएन रवि तब चर्चा में आए थे, जब उन्होंने एक इंजीनियरिंग कॉलेज के कार्यक्रम में छात्रों से 'जय श्री रामइ के नारे लगवाए थे। राज्य के कई नेताओं ने इस पर तीखी आपत्ति जताई थी। छात्रा के इस कदम को राज्यपाल के प्रति उसी नाराजगी की एक कड़ी के रूप में देखा जा रहा है।

### दिल्ली के कालकाजी में बारिश के दौरान बाइक सवार पर गिरा पेड़

नईदिल्ली,दिल्ली में लगातार हो रही बारिश ने लोगों को मुसीबत में डाल दिया है। दक्षिण दिल्ली के कालकाजी इलाके में पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। हादसा गुरुवार को दोपहर बाद उस समय हुआ, जब बाइक सवार युवक मौके से गुजर रहा था। तभी एक बड़ा नीम का पेड़ उसके ऊपर भरभराकर गिर पड़ा।

# बंटवारे के दौरान जान गंवाने वालों को पीएम मोदी समेत कई बड़े नेताओं ने याद किया


नई दिल्ली,। देश गुरुवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मना रहा है. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाखों लोगों द्वारा झेली गई उथल–पुथल और पीड़ा को याद करते हुए इसे इतिहास का एक दुखद अध्याय बताया. प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात उस अकथनीय पीड़ा के संदर्भ में कही जब लाखों लोगों को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा. अनुमान है कि सांप्रदायिक हिंसा में लाखों लोग मारे गए.

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को उन लोगों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने भारत के विभाजन के उथल–पुथल और दर्द को सहन किया. एक एक्स पोस्ट साझा करते हुए पीएम मोदी ने विभाजन को भारतीय इतिहास का एक दुखद अध्याय कहा.

एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मना रहा है. हमारे इतिहास के उस दुखद अध्याय के दौरान अनगिनत लोगों द्वारा झेले गए उथल–पुथल और दर्द को याद करते हुए यह उनके साहस का सम्मान करने का भी दिन है. अकल्पनीय क्षति का सामना करने और फिर भी नए सिरे से शुरुआत करने की ताकत पाने की उनकी क्षमता का. प्रभावित हुए कई लोगों ने अपने जीवन का पुनर्निर्माण किया और उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की. यह दिन हमारे देश को एक सूत्र में पिरोने वाले सद्भाव के बंधन को मजबूत करने की हमारी स्थायी जिम्मेदारी की भी याद दिलाता है.

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को भारत के 1947 के विभाजन से प्रभावित लाखों लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और इसके कारण हुए दर्द, हिंसा और विस्थापन को याद किया. विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर शाह ने देश के विभाजन की निंदा की और इस दुखद दौर में जान गंवाने वालों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की. एक्स पर एक पोस्ट में अमित शाह ने लिखा, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस देश के विभाजन और उसकी त्रासदी से पीड़ित लोगों के दर्द को याद करके संवेदना व्यक्त करने का दिन है. इस दिन कांग्रेस पार्टी ने देश के टुकड़े–टुकड़े कर दिए, जिससे भारत माता के गौरव को ठेस पहुंची. विभाजन के कारण हिंसा, शोषण और अत्याचार हुए और लाखों लोगों को विस्थापन सहना पड़ा.

# अधिकारियों और किसानों के बीच मिलीभगत की जांच करेगी एसआईटी



नई दिल्ली,। सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों और किसानों के बीच कथित मिलीभगत की प्रारंभिक जांच दर्ज करने का निर्देश दिया, जिन्हें कथित तौर पर उनकी जमीन के लिए बढ़ा हुआ मुआवजा मिला था. जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ के समक्ष यह मामला बुधवार को सुनवाई के लिए आया.

पीठ ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को मामले में नई एसआईटी (विशेष जांच दल) गठित करने का निर्देश दिया. पीठ ने एसआईटी को न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण के कामकाज की गहन जांच करने को कहा. शीर्ष अदालत का यह निर्देश दूरगामी है, क्योंकि इस बात की प्रबल संभावना है कि इससे जमीन मालिकों और अधिकारियों के बीच लेन–देन का खुलासा हो सकता है.

सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित नई एसआईटी, जनवरी में गठित एक पूर्व विशेष जांच दल का स्थान लेगी, जिसका उद्देश्य यह पता लगाना था कि क्या वास्तव में एक प्राथमिकी में दर्ज आरोपों की पृष्ठभूमि में जमीन मालिकों को बढ़ा–चढ़ाकर भुगतान किया गया था.

शीर्ष अदालत ने पूर्व एसआईटी की रिपोर्ट की जांच के बाद यह आदेश पारित किया, जिसमें नोएडा के कामकाज में कमियों की ओर इशारा किया गया था. पीठ ने नोएडा को पूर्व पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) और सुप्रीम कोर्ट की हरित पीठ, जो पर्यावरण–संवेदनशील क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं की निगरानी करती है, की स्वीकृति के बिना क्षेत्र में किसी भी नई परियोजना को मंजूरी देने से भी रोक दिया.

नई एसआईटी प्रारंभिक जांच तुरंत दर्ज करेगी और पिछली एसआईटी द्वारा उठाए गए मुद्दों की जांच करेगी. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब नई एसआईटी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने से पहले अधिकारियों पर मुकदमा चलाने के लिए पूर्व अनुमति लेनी होगी, तो सक्षम प्राधिकारी को आवेदन जमा करने के दो सप्ताह के भीतर अनुमति देनी होगी.

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डीजीपी तीन आईपीएस अधिकारियों वाली एक एसआईटी गठित करेंगे जो पिछली एसआईटी द्वारा उठा गए मुद्दों की जांच करेगी. इसका नेतृत्व पुलिस आयुक्त के पद से नीचे का अधिकारी नहीं करेगा. नई टीम को फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ–साथ राज्य पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा का भी सहयोग मिलेगा.

अदालत ने कहा कि नई एसआईटी, अगर प्रारंभिक जांच के बाद, किसी संज्ञेय अपराध (जांच योग्य अपराध) का पता लगाती है, तो वह मामला दर्ज कर सकती है और कानून के अनुसार कार्रवाई कर सकती है.

# आवारा कुत्तों पर हुई महासुनवाई, सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच ने फैसला सुरक्षित रखा

### –सरकार को जबाव देने को कहा

नई दिल्ली,आवारा कुत्तों पर महासुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. इस मामले में सुप्रीम अदालत ने सरकार से 8 सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है. गौर करें तो दिल्ली–एनसीआर में आवारा कुत्तों के पुनर्वास को लेकर चल रही बहस के बीच आज सुप्रीम कोर्ट के 3 न्यायाधीशों की पीठ ने आवारा कुत्तों से परेशान शहर, बच्चों को चुकानी पड़ रही कीमत शीर्षक वाले केस पर विस्तृत सुनवाई की. बता दें कि इस केस को उच्चतम न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया था. गौर करें तो पशु अधिकार कार्यकर्ताओं, मशहूर हस्तियों और कुछ राजनीतिक हस्तियों ने इस आदेश पर अपनी आपत्ति जताई थी. साथ ही ये कहा था कि दिल्ली और नोएडा और गुरुग्राम जैसे एनसीआर के अन्य शहरों में बड़े पैमाने पर कुत्तों के पुनर्वास के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे का अभाव है.



इसके अलावा, कई लोगों ने तर्क दिया कि कुत्तों को उनके इलाकों से हटाने से नए कुत्तों के आने की जगह बन जाएगी. इसके साथ ही इस बात पर जोर दिया कि इसका समाधान एबीसी नियमों के उचित कार्यान्वयन में निहित है.इस मामले की सुनवाई सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने की.बता दें कि इसी सप्ताह की शुरुआत में, इसी मामले में, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने दिल्ली–एनसीआर के सभी नगर निकायों को आवारा कुत्तों को तुरंत पकड़कर निर्दिष्ट आश्रय स्थलों में पहुंचाने का निर्देश दिया था. जन सुरक्षा और रेबीज के बढ़ते मामलों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए, पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्थिति को गंभीर बताया था. साथ ही जोर देकर कहा कि बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए तत्काल उपाय जरूरी हैं.नई दिल्ली नगर निगम, दिल्ली नगर निगम और नोएडा, गुरुग्राम और गाजियाबाद की नागरिक एजेंसियों को सड़कों को पूरी तरह से आवारा कुत्तों से मुक्त करने का निर्देश देते हुए, अदालत ने कड़ी चेतावनी दी कि इन जानवरों को हटाने में बाधा डालने वाले किसी भी समूह या संगठन को कड़ी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा. इस आदेश पर तीखी प्रतिक्रिया हुई और देश भर के पशु प्रेमियों ने सोशल मीडिया पर इस फैसले की आलोचना की और आवारा कुत्तों के कल्याण के लिए चिंता व्यक्त की.इससे पहले, बुधवार को, भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने टिप्पणी की कि सर्वोच्च न्यायालय इस मुद्दे पर विचार करेगा. ये बात उन्होंने तब कही, जब एक वकील ने दिल्ली में सामुदायिक कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण की मांग वाली एक याचिका का जिक्र किया.वकील ने न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी की अध्यक्षता वाली पीठ द्वारा 2024 में दिए गए एक आदेश का भी हवाला दिया. इसमें आवारा पशुओं की हत्या पर रोक लगाई गई थी. साथ ही सभी जीवित प्राणियों के प्रति दया को एक संवैधानिक मूल्य बताया गया था.इस पर मुख्य न्यायाधीश गवई ने वकील से कहा था, लेकिन दूसरी न्यायाधीशों की पीठ पहले ही आदेश पारित कर चुकी है. मैं इस पर गौर करुंगा.

## धराली आपदा की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

देहरादून। धराली आपदा को लेकर मजिस्ट्रियल जांच शुरू कर दी गई है। इसके लिए 20 अगस्त का समय निर्धारित किया गया है। मजिस्ट्रियल जांच से आपदा से हुए नुकसान के साथ ही लापता लोगों के मुआवजे की राह भी आसान हो पाएगी। उप जिलाधिकारी भटवाड़ी शालिनी नेगी को मजिस्ट्रियल जांच की जिम्मेदारी दी गई है। मजिस्ट्रियल जांच में लापता हुए लोगों और अपनी संपत्ति के नुकसान को लेकर लोग अपनी बात मजिस्ट्रेट के सामने लिखित या मौखिक तौर पर रख सकते हैं। वह डाक के माध्यम से भी आपदा को लेकर अपनी बात को जांच में शामिल करवा सकते हैं। बाकायदा इसके लिए सार्वजनिक तौर पर नोटिस जारी किया गया है। मजिस्ट्रियल जांच रिपोर्ट इस मायने में काफी अहम होगी कि लोगों को मुआवजा की प्रक्रिया जल्द शुरू हो पाएगी। क्योंकि जांच रिपोर्ट इस आपदा को लेकर ऐसा सरकारी दस्तावेज होगा, जिसके आधार पर हर्षिल धराली के पुनर्वास, विस्थापन, मुआवजा, बीमा क्लेम के प्रक्रियाओं में प्रयोग किया जा सकेगा।

## मोबाइल लूट के दो आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल बरामद

विकासनगर। सेलाकुई पुलिस ने कंपनी से घर जा रहे कर्मचारी के साथ हुई मोबाइल लूट की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। आरोपियों में एक पहले नशा तस्करी में जेल जा चुका है। दोनों नशे के आदी हैं और नशे की पूर्ति करने के लिए मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया था। मुसाहिद पुत्र शहीद अहमद निवासी जमनपुर सेलाकुई स्थित एक कंपनी में काम करता है। रात को करीब पौने नौ बजे वह कंपनी से घर पैदल ही घर जा रहा था। जैसे ही वह लेबर चौक पर पहुंचा, अचानक बाइक सवार दो युवक आए और उसके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक वह मोटरसाइकिल का पूरा नंबर नोट नहीं कर पाया। उसने काफी शोर मचाया, लेकिन वह तेजी से फरार हो गए। थानाध्यक्ष पीड़ी भट्ट ने बताया कि शिकायत के बाद अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बाइक चोरों की तलाश शुरू कर दी है। मुखबिर की सूचना पर बुधवार देर रात सेलाकुई थाना क्षेत्र से दोनों आरोपियों आसिफ पुत्र इकबाल निवासी सहसपुर व नदीम पुत्र युसूफ निवासी सहसपुर को लूटे मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह नशे के आदी है तथा अपनी नशे की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया। गिरफ्तार नदीम पूर्व में भी मादक पदार्थों की तस्करी में जेल जा चुका है। उसके खिलाफ थाना सहसपुर में एनडीपीएस के दो मुकदमे दर्ज हैं।

## बारिश के बीच प्रदर्शन कर सीबीआई जांच की मांग उठाई

हल्द्वानी। गौलापार में बीते दिनों हुई 10 वर्षीय मासूम की नृशंस हत्या और उसके बाद पुलिस जांच से उपजा आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को भारी बारिश के बीच भी लोगों का धरना–प्रदर्शन जारी रहा। लोगों ने पुलिस जांच पर सवाल उठाते हुए जमकर नारेबाजी की और सीबीआई जांच की मांग दोहराई। यहां प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन का पुतला फूंका। जनएकता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को भी चौथे दिन धरना प्रदर्शन जारी रहा। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि पुलिस ने मामले में कई सबूतों को मिटा दिया है। मृतक के परिजनों का कहना है कि सीबीआई जांच से ही सही बात निकल कर सामने आएगी। उन्हें पुलिस पर जरा भी भरोसा नहीं है। इस दौरान नानक चंद, हरीश कश्यप, अंकित मौर्य, राजा बाबू, हिमांशु मौर्य, अवनीश, करन, सूरज मौर्य, करन जीना, राहुल मौर्य, विक्रम मौर्य, सुशील मौर्य, नरेन्द्र मौर्य, पीतम मौर्य, आर्येंद्र शर्मा, आरपी सिंह, विरेन्द्र कुमार मौर्य, अमन, पवन वर्मा, सचिन मौर्य, हर्षित, भूपेश, वेदप्रकाश ( बंटी), गणेश मौर्य, सचिन, जयवीर, राहुल मौर्य, राजेन्द्र, महेंद्र पाल, पिंटू, धर्मवीर, सौरभ मौर्य, विनय, गौरव, गौतम, विशाल मौर्य, सत्यवान, सन्तोष, गोपाल, भूपेंद्र, ललित कश्यप आदि मौजूद रहे।

## हल्द्वानी में क्रॉस कंट्री में 104 खिलाड़ी दौड़े

हल्द्वानी। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार सुबह हल्द्वानी स्टेडियम में बारिश के बीच जिला खेल कार्यालय की तरफ से क्रॉस कंट्री दौड़ आयोजित की गई। इसमें 104 खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल ने किया।

# सीएम धामी ने किया काशीपुर में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल प्रतिभाग



देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर काशीपुर, ऊधमसिंहनगर में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विभाजन स्मृति स्मारक स्थल का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने देश के विभाजन का दंश झेलने वालों को नमन करते हुए कहा कि 14 अगस्त 1947 का दिन हम कभी नहीं भूल सकते, जब मजहब की आड़ में भारत को दो हिस्सों में बाँट दिया गया। जहां एक ओर 15 अगस्त 1947 को पूरा देश आजादी का जश्न मनाने की तैयारी कर रहा था वहीं, उससे ठीक एक दिन पहले ही, देश को दो टुकड़ों में बाँट दिया गया। करोड़ों लोगों को विभाजन की विभिषिका से गुजरते हुए अपने घर, गाँव, खेत–खलिहान, दुकान–व्यापार और अपनों से बिछड़कर शरणार्थी के रूप में रहने को मजबूर होना पड़ा। आज भी उन लोगों की आँखों में वो पीड़ा है, जिनके माँ–बाप इतिहास के उस काले दौर में उन्हें छोड़ कर इस दुनिया से चले गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी के लिए यह समझ पाना भी कठिन है कि देश की स्वतंत्रता के समय विभाजन की विभीषिका से गुज़रने वाले लोगों ने उस दौर में किस अकल्पनीय पीड़ा, भय और संघर्ष को सहा था। देश की आजादी के बदले किये गये उनके त्याग और बलिदान की भरपाई कर पाना असंभव है। उनके इस त्याग, बलिदान और पीड़ा के महत्त्व को समझते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2021 में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया ताकि आने वाली पीढ़ियां अपने पूर्वजों द्वारा किए गए त्याग और बलिदान को हमेशा याद रख सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विभाजन केवल एक भूभाग का बँटवारा नहीं था, बल्कि लाखों लोगों की जिंदगियों और उनकी सांस्कृतिक पहचान का भी विभाजन था। मानव विस्थापन का इतना भयानक और विकराल रूप इतिहास ने पहले कभी नहीं देखा था। मुख्यमंत्री ने उस वैमनस्य और दुर्भावना का डटकर सामना करने वाले लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की जिन्होंने विभाजन की त्रासदी झेलने के बाद भी अपने धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति अटूट विश्वास को बनाए रखा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का समग्र विकास हो रहा है। हमारी सांस्कृतिक धरोहरों, परंपराओं और मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में अनेक कार्य किए जा रहे हैं।

अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण, बद्रीनाथ और केदारनाथ धामों का पुनर्निर्माण, बाबा विश्वनाथ के गलियारे का विस्तार, महाकाल लोक का निर्माण और करतारपुर साहिब कॉरिडोर के निर्माण कार्यों के माध्यम से हमारी धार्मिक विरासत को दिव्यता और भव्यता के साथ पुनर्स्थापित कर देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण की नई धारा प्रवाहित की जा रही है। कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति, ट्रिपल तलाक जैसी कुप्रथा का अंत, सीएए एवं वक्फ संशोधन कानून लागू करने तथा 1984 के दंगा पीड़ितों को न्याय दिलाने जैसे निर्णयों के माध्यम से एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को भी साकार रूप प्रदान किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड विकास और समृद्धि के नए आयाम स्थापित कर रहा है। राज्य में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है।

राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में भी निरंतर कार्य किया जा रहा है। केदारखंड की भांति ही मानसखंड के पौराणिक मंदिरों के भी पुनरुत्थान एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। काशीपुर के चौती मंदिर को मानसखंड कॉरिडोर का हिस्सा बनाया है। हेमकुंड साहिब आने वाले सिख श्रद्धालुओं की यात्रा को और अधिक सुरक्षित और सहज बनाने के लिए गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक 12.5 किलोमीटर लंबे रोपवे का निर्माण किया जा रहा है।

# गर्व, उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा आजादी का जश्न



देहरादून। आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह, उमंग और गर्व के साथ मनाया जाएगा। देहरादून परेड ग्राउंड में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सूबे के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण करेंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी सविन बंसल ने गुरुवार को कार्यक्रम स्थल परेड ग्राउंड में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि, महानुभाव व गणमान्य आगंतुकों की बैठक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, मार्ग संचालन, विद्युत आपूर्ति, स्वागत–सत्कार, स्वच्छता और पेयजल आपूर्ति जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी नोडल अधिकारी माइक्रो प्लानिंग के तहत कार्य करें और आपसी तालमेल के साथ सभी तैयारियों को अंतिम रूप दें। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राज्य आंदोलनकारी, उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कार्मिकों को मंच पर सम्मानित करने की समुचित व्यवस्था की जाए।

साउंड सिस्टम, लाइव प्रसारण के लिए एलईडी की उपयुक्त व्यवस्था रखें। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पर मुख्य मंच, सेफ हाउस, फोटो गैलरी सहित गणमान्य आगंतुकों के लिए बैठक की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समारोह से जुड़ी कोई भी व्यवस्था अधूरी न रहे और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

## सरकार सड़क से जाए गैरसैंण, हम भी तैयारः बसपा

देहरादून। बसपा विधायक मोहम्मद शहजाद ने गैरसैंण सत्र को लेकर कहा कि सरकार की जहां मर्जी वहां सत्र कराए, लेकिन हमारी एक शर्त है, सरकार भी सड़क से गैरसैंण जाए। क्योंकि पुलिस, कर्मचारी, अधिकारी और विधायक आपदा की इस हालत में सड़क मार्ग से गैरसैंण पहुंचेंगे, सरकार को भी हेलीकॉप्टर का लोभ छोड़ना चाहिए। लगातार बारिश और आपदा के बीच गैरसैंण में विधानसभा सत्र को बसपा विधायक शहजाद ने कहा कि चुनौतियां जरूर हैं। हम सिर्फ इतना जानते हैं कि सरकार को भी इन चुनौतियों को बाकी विधायकों और सरकारी सिस्टम के साथ देखना चाहिए। क्योंकि सरकार हेलीकॉप्टर से गैरसैंण जाएगी और बाकी लोग सड़क मार्ग से, इसलिए ऐसा नहीं होना चाहिए।

# दून अस्पताल में दो मरीजों में हुई स्क्रब टायफस की पुष्टि

देहरादून, स्क्रब टायफस नामक बीमारी के मरीज उत्तराखंड के दून अस्पताल में सामने आए हैं। 11 और 15 साल के दो मरीजों की पुष्टि होने से डर का माहौल बन गया है। क्योंकि, बीते दिनों पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश में इस बीमारी के चलते 3 लोगों की मौत हो चुकी है। हिमाचल प्रदेश के शिमला स्थित इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में रविवार को स्क्रब टाइफस बीमारी से एक और मौत हो गई। इससे पहले दो और मरीजों की मौत हुई थी। इस तरह इस बीमारी से मरने वाले लोगों की संख्या तीन हो गई है। इन मौतों और पड़ोसी राज्य उत्तराखंड में बढ़ते मरीजों की संख्या के चलते सरकार ने एडवाइजरी जारी की है। खास तरह के कीट के जरिए फैलती है बीमारीः स्क्रब टायफस एक तरह का संक्रमक रोग है। ये एक खास तरह के कीट (चिगर माइट) के काटने से फैलता है। ये कीट इतने छोटे होते हैं कि नंगी आंखों से देखना मुश्किल होता है। ये कीट खासतौर पर झाड़ियों, घास और खेतों में पाए जाते हैं। आपको बता दें कि ये कीट को इस बीमारी को पहुंचाने का जरिया हैं। दरअसल बीमारी की वजह, इन कीटों के अंदर रहने वाले ओरिएंटिया त्सुत्सुगामुशी नामक बैक्टीरिया हैं। ये बैक्टीरिया चिगर माइट के शरीर में रहते हैं।जब यह माइट इंसान को काटता है, तो बैक्टीरिया खून में पहुंच जाते हैं और संक्रमण फैल जाता है। संक्रमित माइट के काटने के लगभग 10 से 12 दिन बाद व्यक्ति स्क्रब टाइफस से बीमार पड़ जाता है। समय पर इलाज न मिलने पर फेफड़े, दिमाग, दिल और किडनी तक प्रभावित हो सकते हैं।

# डोईवाला के गली–मोहल्लों से सड़कों तक जश्न

ऋषिकेश। पहले जिला पंचायत सदस्य, फिर ब्लॉक प्रमुख और अब जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर डोईवाला की सदस्य के निर्वाचन के बाद से कांग्रेस में जश्न का माहौल है। डोईवाला में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोहरी खुशी का जमकर इजहार किया। उन्होंने ढोल–नगाड़े बजाते हुए सड़कों पर खूब आतिशबाजी की। मिठाईयां बांटने के दौरान नवनिर्वाचित प्रमुख गौरव चौधरी ने कहा कि मतदाताओं ने विकास पर मुहर लगाई है। कहा सिर्फ कांग्रेस ही है, जिसके विकास की दूरगामी सोच है। भाजपा लोगों को गुमराह कर खुद के हित साधने वाला संगठन है। गुरूवार को डोईवाला में कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्य मार्ग से लेकर गली–मोहल्लों जश्न मनाते हुए दिखे। प्रमुख गौरव चौधरी के जुलूस में कार्यकर्ताओं ने जीत के जश्न में खूब डांस भी किया। अबीर–गुलाल उड़ाते हुए बोले यही असली लोकतंत्र है। वहीं, प्रमुख गौरव ने कहा कि डोईवाला और आसपास क्षेत्र में कांग्रेस ने ही राज्य गठन के बाद विकास की नींव रखी थी। पार्टी जब भी राज्य में सत्ता में आई, तो अंतिम व्यक्ति तक कल्याकारी योजना और विकास पहुंचाने का काम किया। कहा कि भाजपा शासन में प्रदेश का विकास हो ही नहीं पाया। इस संगठन नेता खुद के स्वार्थों की पूर्ति में पहले भी लगे थे और मौजूदा समय में भी इनका यही हाल है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के मतदाताओं ने पंचायत चुनाव में यह साफ कर दिया कि अब लोग भाजपा के बहकावे में आने वाले नहीं है। वह भाजपा के विकास विरोधी चेहरे का पहचान चुके हैं।

## शिक्षा विभाग सीएम पोर्टल की शिकायतों नहीं है गंभीर

देहरादून। शिक्षा विभाग में सीएम पोर्टल पर आ रही शिकायतों के निस्तारण में अफसर दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। ऐसी 350 शिकायतें अलग–अलग स्तर पर लंबित हैं। इतना नहीं शिक्षा विभाग के 12 अफसर तो ऐसे हैं, जो सीएम पोर्टल पर नियमित तौर पर लॉगइन तक नहीं कर रहे हैं। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर आई शिकायतों में सबसे ज्यादा 94 शिकायतें देहरादून जिले में लंबित है।

जबकि हरिद्वार जिले में 64, उधमसिंहनगर में 36, नैनीताल में 33 में भी शिकायतें लंबित हैं। निदेशक माध्यमिक शिक्षा की ओर जारी पत्र में कहा गया है कि लेवल एक और दो पर शिकायतों का निस्तारण किया जाना है, लेकिन यहां शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक देरी की जा रही है, जिससे 161 शिकायतें लेवल तीन के अधिकारियों के स्तर पर लंबित हैं।

# चमोली में जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न



चमोली। त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के तहत गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित ब्लॉक प्रमुख, ज्येष्ठ उप प्रमुख और कनिष्ठ उप प्रमुख पदों के लिए मतदान और मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण संपन्न हो गया है। मतगणना के पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने जिला पंचायत अध्यक्ष और जिला पंचायत उपाध्यक्ष को प्रमाण पत्र प्रदान किया। जबकि सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर रिटर्निंग ऑफिसर्स ने विजेता प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर दिए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को पर्यवेक्षक नंदन कुमार, जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संदीप तिवारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश के साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष के पद प्रत्याशियों के नामित प्रतिनिधियों के सम्मुख प्रातः 10 बजे जिला पंचायत सभागार में मतदान की प्रक्रिया शुरू की गई। कार्यक्रम के अनुसार मतदान के बाद सायं 3 बजे मतों की गणना प्रारम्भ हुई। चमोली जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए मटई वार्ड से सदस्य के रूप में विजयी हुए दौलत सिंह बिष्ट व उर्गम वार्ड से विजयी रमा देवी की ओर से नामांकन किया गया था। गुरुवार को हुए मतदान में जहां दौलत सिंह बिष्ट ने 19 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। वहीं रमा देवी को 5 मत प्राप्त हुए। जबकि दो मत रद्द घोषित किए गए। साथ ही जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद पर रानौ वार्ड से सदस्य के रूप में निर्वाचित लक्ष्मण सिंह और देवर–खडोरा वार्ड से विजयी जय प्रकाश पंवार चुनाव मैदान में थे। जिनमें से लक्ष्मण सिंह ने 15 मत प्राप्त कर उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। जबकि जय प्रकाश के 11 मत प्राप्त हुए। जिसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने विजेता प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। चमोली जनपद के नौ विकास खंडों में ब्लॉक प्रमुख, ज्येष्ठ उप प्रमुख और कनिष्ठ उप प्रमुख पद के लिए मतदान और मतगणना प्रक्रिया शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराई गई। ज्योतिर्मठ के ब्लॉक प्रमुख पद पर अनूप सिंह नेगी ने 18 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी डॉ. मनोज रावत को 13 मतों से पराजित कर जीत दर्ज कर ली है।

# देशभक्ति के रंग में रंगा पछुवादून, जगह–जगह निकली तिरंगा यात्रा

विकासनगर। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर पछुवादून देशभक्ति के रंगों में रंग गया। गुरुवार को चकराता से लेकर सेलाकुई तक भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही सभासदों और पंचायत कर्मचारियों ने तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा देशभक्ति के गीतों और भारत माता की जय के नारों से गुंजायमान रही। इस दौरान भाजपाइयों ने लोगों को तिरंगे झंडे भी वितरित किए। भाजपा चकराता मंडल में कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा मंडल अध्यक्ष चकराता मोनिका अग्रवाल के नेतृत्व में निकाली। यात्रा छावनी बाजार स्थित चुंगी से चल कर नए बाजार और चौक बाजार से होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर चकराता में संपन्न हुई। यात्रा में भारत माता की जय, देश की रक्षा कौन करेगा हम करेंगे आदि नारों से चकराता बाजार गूंज उठा।

यात्रा में सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने घोष बजा सभी का मन मोह लिया सभी बच्चों ने भारत माता की जय के नारे लगाए और यात्रा की शोभा बढ़ाई। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने छावनी बाजार में तिरंगा वितरण भी किया। तिरंगा यात्रा में वरिष्ठ भाजपा नेता विवेक अग्रवाल, तीर्थ कुकरेजा, मंडल महामंत्री सुभाष रावत, मंडल उपाध्यक्ष मोनित दुसेजा, मंडल मंत्री देवेंद्र चौहान, छावनी परिषद उपाध्यक्ष अनिल चांदना, भाजपा कार्यकर्ता अमित अरोड़ा आशीष आनंद बीरेंद्र मातवर राणा नारायण सिंह सरस्वती शिशु मंदिर प्रधाचार्य मुकेश कुमार खुशी पूजा मानता देवी अनिता कविता नौटियाल सेविका गुड्डी तोमर आदि उपस्थित रहे। उधर,भाजपा की ओर से ब्लॉक कालसी से कालसी बाजार तक तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा में भाजपाई हाथों में तिरंगा लिए और भारत माता की जय के नारे लगाते हुए जा रहे थे। इस दौरान पूरा कालसी बाजार देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर स्वराज सिंह चौहान, नरेश चौहान, मंडल अध्यक्ष प्रदीप वर्मा, राजवीर राठौर, चरण सिंह, अमर सिंह चौहान, दिनेश तोमर्र प्रदीप नेगी उदय सिंह दिनेश चौहान आदि मौजूद रहे। सेलाकुई में भी नगर पालिका कर्मचारियों और सभासदों ने बाजार में तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर सभी से अपने घरों में तिरंगा लगाने की अपील की।

## 7.84 ग्राम हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

विकासनग। सहसपुर थाना पुलिस ने 07.84 ग्राम हेरोइन के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में गोवंश अधिनियम, एनडीपीएस ऐक्ट आदि के नौ मुकदमे दर्ज हैं। कोतवाल सहसपुर शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए लगातार खाली प्लाटों आदि स्थानों पर लगातार चेकिंग की जा रही है। बताया कि चेकिंग के दौरान गुरुवार को धर्मावाला चौक से टिमली की तरफ जाने वाले रास्ते से एक आरोपी को 7.84 ग्राम हेरोईन के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## भारतीय इतिहास में चौदह अगस्त एक तारीख नहीं त्रासदी : नेहा

विकासनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश विभाजन की कटु स्मृतियों को लेकर 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया गया। इस दौरान जिला देहरादून ग्रामीण की ओर से हरबर्टपुर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा नेहा जोशी ने कहा कि भारतीय इतिहास में 14 अगस्त मात्र एक तारीख नहीं, एक त्रासदी है। नेहा जोशी ने कहा कि आज ही के दिन गलत नीतियों ने भारत माता को बांटने का षड्यंत्र रचा। जिसकी परिणति दंगों, निर्दोषों की हत्याओं और तड़पती मनुष्यता के रूप में सामने आई। भारत विभाजन की इस अमानवीय वेदना के अवसर पर हम उन सभी असंख्य विस्थापितों, बलिदानियों और अनाम पीड़ितों को हृदय की गहराइयों से श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। यह संकल्प करते हैं कि वह पीड़ा फिर किसी पीढ़ी को न झेलनी पड़े। वह पीड़ा हमारी स्मृति है और हमारी सीख भी है। जिला अध्यक्ष मीता सिंह ने कहा कि सन 1947 का विभाजन हमारे इतिहास का करुण और मर्मस्पर्शी अध्याय है। जिसने लाखों प्राण हर लिए। करोड़ों को विस्थापित किया और पीड़ा का अमिट घाव दिया है। जिला कार्यक्रम संयोजक विनोद कश्यप ने कहा कि यह दिवस उन लोगों के लिए श्रद्धांजलि है, जिन्होंने इतिहास के सबसे क्रूर प्रकरण के दौरान अमानवीय पीड़ाओं का सामना किया। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य ओमवीर राघव, कार्यक्रम सह संयोजक ऋषभ अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र चावला, मंडल अध्यक्ष राहुल शर्मा, शुभम गर्ग, रवि कश्यप, मदन सिंह, दयानंद जोशी, नीरज कश्यप, वीरता गुरुंग, दिनेश कौशिक, जनार्दन जोशी, विजय पटवाल, आशा, ममता मुल्तानी, सविता पाल, सरफराज जाफरी, शत्रुघ्न कुशवाहा, सचिन बंसल, विनय सैनी, अनिल नोटियाल, यशपाल, सुनील कश्यप, बहादुर, आकाश मुल्तानी, रुचिता ठाकुर, सुनीता गुलरिया आदि मौजूद रहे।

## इस बार जन्माष्टमी पर नहीं होगा रोहिणी नक्षत्र

हल्द्वानी( । भगवान विष्णु के आठवें अवतार श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की तैयारियों के बीच इस बार एक विशेष खगोलीय स्थिति बन रही है। ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय ने बताया 15 अगस्त की रात 11:49 बजे अष्टमी तिथि प्रारंभ होकर 16 अगस्त रात 9:34 बजे समाप्त होगी, लेकिन रोहिणी नक्षत्र इस बार नहीं होगा। गृहस्थजन 15 अगस्त की रात अश्विनी नक्षत्र में पूजन करेंगे, जबकि वैष्णव सम्प्रदाय उदयातिथि मानकर 16 अगस्त को जन्माष्टमी मनाएगा। पूजा का श्रेष्ठ समय 15 अगस्त रात 12 बजे से 12:47 तक रहेगा। 16 अगस्त को भरणी नक्षत्र रहेगा और 17 अगस्त सुबह 4:30 बजे रोहिणी नक्षत्र आएगा।

# बेटा ही निकाला माँ का कातिल

**– घर में जली अवस्था में मृत मिली वृद्धा की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा**
**– पहले पाठल से वार कर की थी मां की हत्या, फिर घर में लगा दी थी आग**



विकासनगर। विकासनगर कोतवाली क्षेत्र के हरबर्टपुर में घर में जली अवस्था में मृत मिली वृद्धा की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। बेटे का पहले मां से नशे के लिए पैसों को लेकर विवाद हुआ था। विवाद में बेटे ने पाठल से वार कर मां की हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने घर में आग लगा दी। जिससे कि यह लगे की आग लगने के कारण मौत हुई हो। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर पाठल भी बरामद कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। तीन अगस्त को चौकी हरबर्टपुर पुलिस को सूचना मिली की रामबाग में एक घर में आग लग गई है। पुलिस को वहां एक वृद्धा का शव जली अवस्था में मिला। जिसकी शिनाख्त घर के मालिक संजय सिंह राणा ने अपनी पत्नी सुरेशो देवी उर्फ वंदना राणा के रूप में की। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा कर कार्रवाई की। कोतवाल विनोद सिंह गुसांई ने गुरुवार को बताया घटना के अगले दिन मृतका के पति संजय सिंह राणा ने तहरीर दी थी। बताया कि उसका बेटा मनमोहन सिंह, जो उनके साथ ही रहता था और नशे का आदी था। घटना के बाद से वह घर से फरार है। बताया कि उसका पुत्र अक्सर नशे की पूर्ति के लिए मां से पैसों की मांग करते हुए झगड़ता है। उन्होंने शक जाहिर किया कि उनके बेटे ने ही हत्या कर कमरे में आग लगाई है। जिसके बाद पुलिस ने बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज दर्ज कर जांच शुरू की। घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की गई। साथ ही आरोपी बेटे की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन कर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। सर्विलांस के माध्यम से आरोपी के संबंध में जानकारी एकत्रित की गई। जिसके बाद आरोपी मनमोहन सिंह पुत्र संजय सिंह राणा निवासी रामबाग हरबर्टपुर को बुधवार देर रात कुल्हाल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से घटना के बाद घर से चोरी की गई नकदी बरामद हुई। आरोपी चौकी प्रभारी हरबर्टपुर सनोज कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशे का आदी है। पूर्व में वह नशा तस्करी और आर्म्स ऐक्ट में जेल जा चुका है। बताया कि वह नशे के लिए अक्सर अपनी मां से पैसे मांगता था। घटना के दिन भी आरोपी ने अपनी मां से नशे के लिये पैसों की मांग की थी, लेकिन मां ने मना कर दिया और घर से बाहर नहीं जाने दिया। जिससे वह आवेश में आ गया और उसने पहले पाठल से अपनी मां की गर्दन पर वार कर उसकी हत्या कर दी। उसके बाद शव को गद्दे में लपेटकर कमरे में आग लगा दी। घटना के बाद वह घर की अलमारी में रखे 30 हजार रुपये तथा एक बैग में अपने कपड़े लेकर अपनी मोटरसाइकिल से मौके से फरार हो गया।

## पैरवी करने वाले अधिवक्ता को ही धमकाया

हल्द्वानी। हल्द्वानी निवासी एक अधिवक्ता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसने जिस मुवक्किल की पैरवी की, वही अब फोन पर उसे धमका रहा है। उसे जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने अधिवक्ता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। वसुंधरा कॉलोनी धानमिल बरेली रोड निवासी एक अधिवक्ता ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह उच्च न्यायालय नैनीताल में अधिवक्ता के रूप में अभ्यास करते हैं। पिछले साल मल्ला दन्या अल्मोड़ा निवासी एक वादकारी मोहित प्रहलाद जोशी अपने फौजदारी वाद के सिलसिले में उनसे मिलने पहुंचा। अधिवक्ता ने कहा कि उन्होंने अलग–अलग न्यायालयों में मोहित के फौजदारी के मामले में पैरवी की और उसकी जमानत भी कराई।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com